आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 38 ● कटनी ● रविवार, 12 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## केरल में पहले कार से टकराई बस, फिर दीवार तोड़ चर्च में जा घुसी, कई घायल

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में शनिवार को एक कार और बस की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं, बस अनियंत्रित होकर चर्च की एक दीवार से टकरा गई और दीवार बस के ऊपर ढह गई।घटना में कई लोग घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना पठानमथिट्टा जिले के किझावल्लोर की है। घटना में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, बस चर्च की दीवार तोड़कर अंदर घुस गई। बताया जा रहा है कि बस में कई यात्री सवार थे। गनीमत रही कि हादसे के दौरान किसी की मौत नहीं हुई।

## कई राज्यों में आज तेज आंधी के साथ बारिश के आसार, IMD ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली, ईएमएस।** मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों में देश के कई राज्यों में मौसम में बड़े बदलाव की भविष्यवाणी की है और कुछ राज्यों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) की चेतावनी में कहा गया है कि पूर्वी भारत में अगले 24 घंटे के दौरान भारी बारिश की हो सकती है। अगले 72 घंटों में देश के कई हिस्सों का मौसम बिगड़ने का पूर्वानुमान लगाया गया है। 14 मार्च तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में भी बारिश और बादल गरजने की भविष्यवाणी की गई है।मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिणी राज्यों में 15 से 17 मार्च तक बारिश हो सकती है। अगले 3 दिनों में हमें मौसम के कई रंग देखने को मिल सकते हैं। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में 12 मार्च की रात से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ का असर उत्तर भारतीय राज्यों में देखने को मिल सकता है। ढ्ढरूष्ठ के मुताबिक 12 और 13 तारीख को जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, में बिजली गिरने व तेज आंधी के साथ बारिश की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में मौसम बिगड़ सकता है। 13 और 14 तारीख को उत्तराखंड में बिजली गिरने के साथ ही ओलावृष्टि और कई इलाकों में बारिश होने की संभावना है।



## नहीं जिओगे, 300 किलो के युवक को डॉक्टरों से मिली थी चेतावनी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिसीसिप्पी शहर में रहने वाले एक युवक ने चार साल में 165 किलो वजन घटाकर दुनिया को हैरान कर दिया है। दरअसल एक डॉक्टर ने युवक से कह दिया था कि वह एक चलता फिरता बम बन चुका है और कभी भी उसकी जान जा सकती है। इस बात ने युवक को इस कदर झकझोर दिया कि उसने वजन घटाने का फैसला कर लिया। मिसीसिप्पी के रहने वाले 42 वर्षीय निकोलस क्राफ्ट का वजन चार साल पहले करीब 300 किलो था। साल 2019 में जब निकोलस ने वजन घटाने का फैसला किया तो पहले महीने ही उन्होंने संतुलित आहार लेकर 18 किलो वजन कम कर लिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निकोलस को बचपन से ही ज्यादा वजन की समस्या थी और हाईस्कूल में ही उनका वजन करीब 136 किलो था। क्राफ्ट ने बताया कि तनाव की वजह से वह ज्यादा खाना खाते थे और उसी के चलते उनका वजन इस कदर बढ़ गया। भारी वजन के चलते उनके शरीर में दर्द, घुटनों में दर्द और सांस फूलने की समस्या होने लगी थी। हालात ये हो गए थे कि क्राफ्ट घर से बाहर नहीं निकल पाते थे क्योंकि वह किसी गाड़ी में बैठ ही नहीं सकते थे। इसके चलते उनका लोगों से मिलना जुलना भी बंद हो गया था।



फिर चार साल बाद... बदल गई जिंदगी

## » न्यूज गैलरी

### जेल से मनीष सिसोदिया का मैसेज

### लिखा- साहेब जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुंचा सकते हो, मेरे हौसले नहीं तोड़ सकते

**नई दिल्ली, ईएमएस।** आबकारी घोटाले में CBI और ED के द्वारा भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी के बाद रिमांड में चल रहे पूर्व डिप्टी ष्टरूमनीष सिसोदिया ने तिहाड़ जेल से ही केंद्र सरकार पर हमला बोला है। सिसोदिया ने कहा है कि अंग्रेजों ने भी स्वतंत्रता सेनानियों को कष्ट दिए। सिसोदिया ने कहा है कि जेल में कष्ट पहुंचाया जा सकता है पर वो मेरे हौसला को नहीं तोड़ सकते। सिसोदिया के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से शनिवार को किए गए एक ट्वीट में लिखा है- साहेब जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुंचा सकते हो, मगर मेरे हौसले नहीं तोड़ सकते, कष्ट अंग्रेजों ने भी स्वतंत्रता सेनानियों को दिए, मगर उनके हौसले नहीं टूटे। जेल से मनीष सिसोदिया का संदेश। बता दे कि श्वष्ट के द्वारा आबकारी घोटाले में 290 करोड़ रुपए कथित तौर पर भ्रष्टाचार अर्जित रकम के मामले में सिसोदिया से पूछताछ करना है। जांच के दौरान पता चला है कि सिसोदिया पर दोषपूर्ण आबकारी नीति तैयार करने के लिए अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रचने का आरोप है। ईडी ने अदालत में यह भी दावा किया कि सिसोदिया ने अपने फोन को नष्ट कर दिया, जो जांच में एक महत्वपूर्ण सबूत है। श्वष्ट के वकील ने आरोप लगाया कि सिसोदिया ने आबकारी घोटाले के बारे में गलत बयान दिया और एजेंसी आरोपियों की कार्यप्रणाली का पता लगाना चाहती है और अन्य आरोपियों के साथ उनका आमना-सामना कराना चाहती है।

### सिक्किम में 900 टूरिस्ट भारी स्नोफॉल में फंसे

**गंगटोक, एजेंसी।** सिक्किम में 900 टूरिस्ट शनिवार शाम को भारी स्नोफॉल के कारण फंस गए। ये सभी नाथुला और त्सोमगो झील से गंगटोक लौट रहे थे। सिक्किम पुलिस ने बताया कि ये टूरिस्ट 89 वाहनों में सवार हैं। इनकी मदद के लिए सेना और पुलिस पहुंच गई है। अभी तक 15 वाहनों को निकाला गया है। जहां ये वाहन फंसे हैं वहां से गंगटोक की दूरी 42 किलोमीटर है। टूरिस्ट को रात में सेना के कैंप में ठहराने की व्यवस्था की जा रही है।

### शरद पवार के करीबी हसन मुश्रिफ के घर ईडी ने फिर मारा छापा

**मुंबई , एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम शनिवार को दो माह में दूसरी बार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री हसन मुश्रिफ के कोल्हापुर के कागल स्थित घर पहुंची और करीब साढ़े नौ घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान मुश्रिफ की पत्नी और बेटा वहां मौजूद थे। ईडी के अधिकारियों का दल पुलिस बल के साथ सुबह सात बजे मुश्रिफ के घर में दाखिल हुआ। गहन तलाशी के बाद शाम साढ़े चार बजे टीम बाहर आई। छापे के दौरान ईडी के अधिकारी एक प्रिंटर भी अपने साथ ले गए थे। माना जा रहा कि आप्पासाहेब नलावडे चीनी मिल की खरीद के मामले में हुए घोटाले को लेकर यह कार्रवाई की गई है। छापे के दौरान मुश्रिफ के घर के बाहर राकांपा के कार्यकर्ताओं ने हंगामा भी किया। ईडी ने चीनी मिल घोटाले और जिला सहकारी बैंक से संबंधित कुछ कागजात भी जब्त किए हैं।



# कानपुर में झोपड़ी में भीषण आग

## पति पत्नी और 3 बच्चे जिंदा जले, बुजुर्ग महिला गंभीर

■ कानपुर, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में एक दर्दनाक घटना में पति-पत्नी और 3 बच्चों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक कानपुर देहात के अंतर्गत एक झोपड़ी में आग लगने से 5 लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के हारमऊ बंजाराडेरा गांव में हुए है, जहां शॉर्ट सर्किट की वजह से झोपड़ी में आग लग गई और पांच लोगों की जान चली गई। मरने वालों में 3 बच्चे भी शामिल हैं।स्थानीय सूत्रों के मुताबिक इस घटना में एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे की जानकारी जैसी स्थानीय पुलिस को मिली तो भारी पुलिस बल के साथ ष्टरू स्क्कभी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड के साथ जांच में जुट गई।

### देर रात को अचानक मची चीख पुकार

इस गांव में रहने वाले सतीश कुमार, पत्नी काजल और 3 मासूम बच्चों के साथ अपनी झोपड़ी में सो रहे थे, लेकिन देर रात अचानक छप्पर में आग लगने से चीख पुकार मच गई। पूरी झोपड़ी धू-धू कर जल उठी। ग्रामीणों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दंपति समेत 3 मासूमों की जिंदा जलकर मौत हो गई।आग बुझाने में सतीश की बुर्जुग मां रेशमा भी गंभीर रूप से झुलस गई, जिनका फिलहाल अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक छप्पर के ऊपर जल रहे बल्ब में शार्ट सर्किट से आग लग गई और यह भयावह हादसा हो गया। घायल महिला के इलाज की देखरेख के लिए जिलाधिकारी नेहा जैन जिला अस्पताल पहुंची और डॉक्टरों से घायल महिला का सही तरीके से इलाज करने का निर्देश दिया।

# सीधी में बरातियों से भरी बस पेड़ से टकराई, 11 घायल में एक नाजुक

## बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई

■ सीधी, यशभारत।

सीधी जिले के रामपुर नैकिन थाना अंतर्गत भैसरहा गांव के समीप बरात लेकर जा रही बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें सवार 13 लोगों को मामूली चोट आई है। एक गंभीर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में इलाज के बाद संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया है। बस में करीब 40 लोग सवार रहे। बता दें कि सतना जिले के रामनगर थाना क्षेत्र से साकेत परिवार का बारात लेकर बस क्रमांक एमपी 17 पी 1525 सीधी जिले के खड्डी गांव जा रही थी। जैसे ही बस भैसरहा गांव पहुंची उसी दौरान अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। बस में सवार 14 लोग घायल हो गए। जिसमें रामधनी साकेत गंभीर रूप से घायल हो गया। 13 लोग प्राथमिक उपचार के बाद बारात चले गए।



### सूचना लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस

दरअसल पुलिस को सूचना मिली की बारात से भरी बस पेड़ से टकरा गई है। ऐसे में पुलिस तत्काल एंबुलेंस को सूचना देकर मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। 13 लोगों को मामूली चोट पहुंची थी। जिन्हें तत्काल इलाज मुहैया कराया गया। गनीमत रहेगी दूल्हा और उसके कुछ परिवार के लोग छोटी गाड़ी में थे। यह गाड़ी बस के आगे रही।

# गुजरात के नशामुक्ति केंद्र में मरीज से दरिंदगी

## उल्टा लटकाकर डंडों से पीटा, प्राइवेट पार्ट में जलता रबर डाला

■ अहमदाबाद, एजेंसी।



उत्तर गुजरात के पाटण स्थित एक नशामुक्ति केन्द्र में इलाज के लिए लाये गये युवक के व्यवहार से गुस्साए केंद्र संचालक व कर्मचारियों ने उसके साथ हैवानियत की। उल्टा करके उसे डंडों से मारा। यही नहीं, उसके प्राइवेट पार्ट में जलता हुआ रबर डाल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जल्दबाजी में उसका अंतिम संस्कार करा दिया गया, लेकिन यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पाटण में चल रहे जयोना नशामुक्ति केंद्र में 20 दिन पहले मेहसाणा मोटीदाऊ गांव के एक युवक हार्दिक सुथार को इलाज के लिए लाया गया था।17 फरवरी को केंद्र से चंद्रकांत मिस्त्री को फोन कर बताया गया कि हार्दिक ने चाकू से हाथ काट लिया और उसे अस्पताल ले जाया रहा है। शराब का अत्यधिक सेवन करने से हार्दिक को पिता ने घर से निकाल दिया था। इसलिए, जब 18 फरवरी को नशामुक्ति केंद्र ने स्वजन को बताया कि हार्दिक की बीमारी के कारण मौत हो गई तो सबने उनकी बात मान ली। उसके मामा चंद्रकांत को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पाटण थाना के पुलिस निरीक्षक मेहुल पटेल ने नशामुक्ति केंद्र के सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पता चला कि हार्दिक के साथ केंद्र संचालक संदीप पटेल व उसके कर्मचारियों ने हैवानियत भरा सुलूक किया। उसे उलटा करके डंडों से पीटा तथा प्राइवेट पार्ट में जलता हुआ रबर डाल दिया। हार्दिक आरोपितों से छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन हैवानों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उसे तब तक प्रताड़ित करते रहे, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। पुलिस ने संदीप व उसके छह साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# इंसाफ का सिपाही: जंतर-मंतर में ऐतिहासिक दिन

## संवाद की कमी सब तरफ दिख रही: तन्खा







### सिबल ने केंद्रीय एजेंसियों को लेकर बीजेपी पर साधा निशाना

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

आज जंतर-मंतर में ऐतिहासिक दिन है, कपिल सिब्बल ने इंसाफ सिपाही का शुभारंभ किया है, कल का भारत, सब का भारत के विजन को प्रस्तुत किया है। यह गौरव की बात है, इससे एक जनक्रांति आएगी। श्री तन्खा ने कहा कि सांसद से लेकर सड़क तक में संवाद कमी दिख रही है। देश के चारों स्तंभ को कहना चाहता हूं, क्या हम सब मिलकर लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं, अन्याय के खिलाफ हम खड़े हैं क्या?। हम सभी को संविधान बचाने के लिए एक साथ खड़ा होना होगा। श्री तन्खा ने कहा कि इंसाफ का सिपाही ये मात्र वकीलों तक सीमित नहीं रहेगा ये देश की 135 करोड़ जनता का आंदोलन बनेगा। सदियों से जुर्म का विरोध हुआ था और आज भी होगा। गरीबी-पिछड़ापन, अन्याय, शिक्षा और हर प्रकार की कुरीति जो देश में आ चुकी है उसका विरोध होगा। आज की जो राजनीति है वह पवार है।

मशहूर वकील और राज्यसभा सासंद कपिल सिब्बल ने शनिवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर इंसाफ के सिपाही वेबसाइट लॉन्च की. इस दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में जब भी बदलाव आया है वो वकीलों के जरिये ही आया, आप इतिहास उठाकर देख सकते हैं. उन्होंने कहा कि हमारे देश की आजादी की बात करें तो महात्मा गांधी, गोविंद बल्लभ पंत, सीआर दास, मोतीलाल नेहरू जैसे कई ऐसे लोग थे जो वकील थे. पूर्व कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि अमेरिकन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस, अब्राहम लिंकन, जेफरसन, फ्रेंच रिवॉल्यूशन की बुनियाद वकीलों ने रखी थी. कपिल सिब्बल ने इस दौरान बीजेपी सरकार पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि ईडी भारत के नक्शे को अलग तरीके से देखता है और केवल विपक्षी पार्टियों की ओर से शासित राज्यों को निशाना बनाता है. वे बीजेपी शासित राज्यों को नहीं देखते। बीजेपी पर साधा निशाना पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़ी संपत्तियों पर छापेमारी की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि यह बिहार की सत्ता गंवाने पर बीजेपी की प्रतिक्रिया है. आप देख सकते हैं कि बिहार में क्या हो रहा है. उन्हें (राजद नेता व उप मुख्यमंत्री) तेजस्वी यादव और जनता दल यूनाइटेड के एकसाथ आने की पीड़ा महसूस हो रही है. लालू यादव के मुख्यमंत्री पद छोड़े सालों हो गए हैं. उन्हें अब अचानक ये मामले याद आ रहे हैं।

### ये वेबसाइट 133 करोड़ भारतीयों की आवाज बनेगी

सिब्बल ने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक दल की अपनी विचारधारा है, लेकिन जब आप भारत के संविधान का प्रस्तावना पढ़ते हैं तो पाएंगे कि संविधान का आधार न्याय है. उन्होंने पोर्टल के बारे में कहा कि हर व्यक्ति न्याय चाहता है, लेकिन बहुत कम इसके लिए लड़ते हैं. ये 133 करोड़ भारतीयों की आवाज बनेगी. हमें उम्मीद है कि यह बदलाव जन आंदोलन में तब्दील होगा।

### अहमदाबाद टेस्ट में भारत की मुश्किल बढ़ी स्टार बल्लेबाज चोटिल

■ अहमदाबाद, एजेंसी।

अहमदाबाद टेस्ट के चौथे दिन भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम इंडिया के मध्यक्रम बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को पीठ में दर्द की शिकायत हुई है। इस वजह से वह मैच के चौथे दिन अपने तय क्रम पर बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। भारत का चौथा विकेट गिरने के बाद छठे नंबर पर श्रेयस अय्यर की जगह श्रीकर भरत बल्लेबाजी के लिए आए। अय्यर को मैच के तीसरे दिन ही पीठ में दर्द की शिकायत हुई थी। इसके बाद उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया। श्रेयस फिलहाल बीसीसीआई मेडिकल टीम की निगरानी में हैं।अहमदाबाद की पिच पर स्पिन गेंदबाजों को मदद मिल रही है। हालांकि, इस सीरीज के पहली तीन मुकाबलों की तरह इस मैच की पिच में गेंद टर्न नहीं हो रही है, लेकिन भारत को मैच जीतने के लिए चौथे दिन की पिच में तेजी से रन बनाने की जरूरत है। श्रेयस अय्यर स्पिन के सबसे अच्छे खिलाड़ी हैं और स्पिन पिच पर भी वह तेजी से रन बनाने की क्षमता रखते हैं। ऐसे में अय्यर का चोटिल होना भारत के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि वह इस मैच में अब तक बल्ले से कोई योगदान नहीं दे पाए हैं।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

# लोकसभा चुनाव से पहले आरएसएस की बड़ी मीटिंग

### भागवत और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत टॉप लीडरशिप पहुंची, कई बड़े फैसले संभव



■ पानीपत, एजेंसी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बेहद महत्वपूर्ण बैठक आज से हरियाणा में शुरू हो गई है। पानीपत के समालखा एरिया में हो रही मीटिंग में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत समेत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंच गए हैं। ये मीटिंग 14 मार्च तक चलेगी। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले RSS की टॉप लीडरशिप की यह आखिरी बड़ी मीटिंग हो रही है। इस लिहाज से इसमें संघ और BJP के बीच को-ऑर्डिनेशन का काम करने वाले कुछ चेहरे बदले जा सकते हैं। इसके अलावा क्रस्स्र के कुछ लोगों की जिम्मेदारियां बदलने का फैसला भी इसमें हो सकता है। इस मीटिंग की अहमियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि क्रस्स्र प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 4 दिन पहले ही समालखा पहुंच गए। उन्होंने 4 दिन समालखा एरिया के पट्टीकल्याणा गांव में खासतौर पर इस मीटिंग के लिए बनाए गए सेंटर में संघ के प्रमुख चेहरों से विचार-मंत्रणा की। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (ABPS) की इस वार्षिक बैठक में देशभर से RSS के 1400 स्वयंसेवक शामिल होंगे। इनमें सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत व सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के साथ सभी सह सरकार्यवाह, RSS की अखिल भारतीय कार्यकारिणी, क्षेत्रीय व प्रांतीय कार्यकारिणी, संघ के निर्वाचित प्रतिनिधि और सभी विभाग प्रचारकों के साथ-साथ संघ के ही 34 अलग-अलग संगठनों के चुनिंदा निमंत्रित स्वयंसेवक शामिल होंगे।

### ब्लड डोनर्स गाइडलाइन पर केंद्र का हलफनामा

## सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- ट्रांसजेंडर्स को वैज्ञानिक आधार पर ब्लड डोनेशन से बाहर रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि ट्रांसजेंडर, समलैंगिकों और सेक्स वर्करर्स को साइंटिफिक एविडेंस के आधार पर ब्लड डोनेशन से बाहर रखा गया है। ब्लड डोनर्स दिशा-निर्देशों को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि ब्लड डोनर्स से बाहर रखे गए जनसंख्या समूह का निर्धारण नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूशन काउंसिल ने किया है और यह साइंटिफिक एविडेंस पर आधारित है। काउंसिल में डॉक्टर और साइंटिफिक एक्सपर्ट शामिल हैं। नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूशन काउंसिल ने अक्टूबर 2017 को 'रक्तदाता चयन और रक्तदाता रेफरल 2017 पर गाइडलाइंस' जारी किया था। हलफनामे में केंद्र ने यह भी कहा है कि याचिका में उठाए गए मुद्दे कार्यपालिका के दायरे में आते हैं और व्यक्तिगत अधिकारों के दृष्टिकोण के बजाय सार्वजनिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से विचार करने की आवश्यकता है।गाइडलाइंस में ट्रांसजेंडर लोंगों, समलैंगिक पुरुषों और महिला सेक्स वर्करर्स को हाई रिस्क वाले HIV/AIDS श्रेणी मानते हुए उनके ब्लड डोनेट करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य थंगजम संता सिंह ने याचिका दाखिल की है। इसमें रक्तदाता चयन और रक्तदाता रेफरल 2017 दिशा-निर्देशों को चुनौती दी गई है। ब्लड डोनेट करने से ट्रांसजेंडर, समलैंगिक पुरुषों, महिला यौनकर्मियों पर प्रतिबंध लगाने को भेदभाव करने वाला बताया गया है।



**शर्मनाक** जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में चार नर्सों ने प्रसूताओं के स्वजन से रुपये- रुपये कम मिलने पर नवजातों को एसएनसीयू में भर्ती नहीं किया।

# रेफर का डर दिखाकर नार्मल डिलेवरी कराने तीन-तीन हजार लिए, दो नवजातों की मौत

■ भिंड, ईएमएस।

भिंड जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में चार नर्सों ने प्रसूताओं के स्वजन से रुपये- रुपये कम मिलने पर नवजातों को एसएनसीयू में भर्ती नहीं किया। जिस कारण दो नवजातों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रसव के लिए मेटरनिटी वार्ड में भर्ती कराई गई दो प्रसूताओं के स्वजन से नार्मल डिलेवरी कराने के नाम पर पांच-पांच हजार रुपये मांगे। स्वजन ने तीन-तीन हजार रुपये दे दिए। दो-दो हजार रुपये नहीं देने पर प्रसव के बाद नर्सों ने नवजातों को समय पर एसएनसीयू में भर्ती नहीं कराया। इससे दो नवजात (एक लड़का-एक लड़की) की मौत हो गई। शनिवार सुबह स्वजन ने सिविल सर्जन डा. अनिल गोयल को आवेदन देकर नर्सों की शिकायत की। सिविल सर्जन ने एक नर्स को निलंबित करने सीएमएचओ को प्रस्ताव भेज दिया। जबकि तीन नर्सों को लेबर रूम से हटा दिया है। जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय प्रियंका जाटव पत्नी रविकांत जाटव निवासी रेंवजा थाना रौन को प्रसव दर्द के चलते शुक्रवार रात आठ बजे जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में भर्ती कराया गया। रात 11 बजे प्रियंका के दर्द तेज हुआ तो प्रसूता की मां बालश्री जाटव ने ड्यूटी पर तैनात नर्स को बुलाया। नर्स ने प्रसूता को चेक कर कहा कि ब्लड कम हैं इसलिए ग्वालियर रेफर करना पड़ेगा।



प्रसूता की मां ने कहा कि हम गरीब हैं ग्वालियर का खर्च नहीं उठा पाएंगे, तो नर्स ने कहा कि पांच हजार रुपये लगेंगे। हम नार्मल डिलेवरी करवा देंगे। बालश्री ने नर्स को पहले तीन हजार रुपये दे दिए और कहा कि दो हजार रुपये दामाद के आने पर दे देंगे। रात 2.50 बजे प्रियंका ने बेटे को जन्म दिया। लेबर रूम से नर्स बाहर आई और बोली कि बेटा हुआ है अब बाकी के दो हजार रुपये और दे दो। बालश्री बोली कि अभी दामाद नहीं आया है। नर्स बोली कि रुपये जल्दी चाहिए। इसी दौरान नवजात को सांस लेने में परेशानी हुई। करीब एक घंटे बाद बालश्री ने नर्स को बचे दो हजार रुपये भी दे दिए। इसके बाद नर्स नवजात को एसएनसीयू में भर्ती कराने ले गई। यहां कुछ देर बाद ही बच्चे की मौत हो गई। बीपी हाई बताकर रेफर की बोला, फिर पांच हजार रुपये में नार्मल डिलेवरी कराने को तैयार हो गई शुक्रवार शाम 24 वर्षीय ज्योति शर्मा पत्नी धर्मेंद्र शर्मा निवासी मधैयापुरा थाना सुरपुरा को प्रसव दर्द हुआ। स्वजन रात 8.30 बजे ज्योति को जिला अस्पताल लेकर आए। ड्यूटी पर नर्स नायदा खान, आरती, सरिता और नीलमा थीं। यहां नर्स ने प्रसूता की जांच करने के बाद कहा कि ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है। ग्वालियर रेफर करना पड़ेगा। प्रसूता की सास विपन देवी ने नर्स से गुहार लगाते हुए कहा कि यहीं डिलेवरी करवा दो। नर्स नायदा खान ने पांच हजार रुपये मांगे। सास ने तीन हजार रुपये नर्स को देते हुए कहा कि बेटे के आने पर दो हजार रुपये और दे देंगे। रात करीब तीन बजे फिर से ज्योति के दर्द बढ़ा तो सास नर्स के पास गई। नर्स ने चिल्लाते हुए कहा कि अभी हमारे सिर में दर्द हो रहा है। चाय पीने के बाद ही काम करेंगे। श्रीमती शर्मा ने स्वजन भेजकर अस्पताल के बाहर से चाय और बिस्कुट मंगाए और नर्सों को दे दिए। चाय लेकर सभी नर्स कमरे में चली गईं। शनिवार सुबह 6.10 बजे ज्योति ने बेटी को जन्म दिया। प्रसव के बाद नर्स जायदा खान ने दो हजार रुपये मांगे। डिलेवरी के करीब आधा घंटे बाद 6.40 बजे नर्स नवजात को एसएनसीयू में ले गई। 6.45 बजे नवजात की मौत हो गई। स्वजन को आरोप रुपये नहीं दिए इसलिए पर बच्चों को एसएनसीयू में भर्ती नहीं कराया - ज्योति के पति धर्मेंद्र शर्मा का कहना है, कि मां ने रात में नर्सों को पहले तीन हजार रुपये दिए थे।

### सिविल सर्जन ने कराई पहचान परेड

शनिवार को दोनों प्रसूताओं के स्वजनों ने सिविल सर्जन आफिस में पहुंचकर डा. अनिल गोयल को आवेदन देकर शिकायत की। सिविल सर्जन ने नर्सों को बुलाया तो नर्स जायदा खान और आरती आधे घंटे में सिविल सर्जन आफिस में आ गईं। यहां प्रसूता की सास और बेटे ने नर्स जायदा पर रुपये लेने का आरोप लगाया तो वह मुकर गई और तेज आवाज में शिकायतकर्ता को दबाने का प्रयास किया। जबकि दो नर्स बाद में आईं। सिविल सर्जन ने नर्स जायदा को निलंबित करने का प्रस्ताव सीएमएचओ को भेजा है। जबकि नर्स नीलमा, आरती और सरिता को मेटरनिटी से हटा दिया है।

" प्रसूताओं के स्वजन ने शिकायत की है। नर्स जायदा खान को निलंबित करने के लिए सीएमएचओ को प्रस्ताव भेजा है। जबकि तीन नर्सों को मेटरनिटी वार्ड से हटा दिया है। इनकी भी जांच कराई जा रही है।

**डा. अनिल गोयल,**
**सिविल सर्जन जिला अस्पताल भिंड**

# इस बार 13 माह का हिंदु वर्ष एक माह पवित्र पुरूषोत्तम महीना

## हिंदू नववर्ष 2080 का शुभारंभ 22 मार्च को, तिथि घटबढ़ से त्योहारों पर होगा असर




**कटनी, यशभारत।** कटनी में बीते सालों की तरह इस साल भी हिंदू नववर्ष मनाने की तैयारियां खास तौर पर की गई हैं। हिन्दू नववर्ष पर विविध धार्मिक आयोजनों के साथ इस नव वर्ष के बारे में लोगों को जानकारी देना तथा अखंड भारत के इस नए साल के बारे में जागरूकता लाने का प्रयास हिन्दू संगठनों ने प्रारंभ कर दिया है। बीते वर्षों में हिन्दू नववर्ष को लेकर लोगों में भी जागरूकता बढ़ी है। हिंदू नववर्ष 2080 का शुभारंभ 22 मार्च को होने जा रहा है। साल 2023 में हिंदू नववर्ष 12 महीने की जगह 13 महीने का होगा। नए साल में सावन का महीना दो बार मनाया जाएगा अर्थात 59 दिनों का सावन माह होगा। इसके 30 दिन पुरुषोत्तम मास के रूप में मनाए जाएंगे। इसे पवित्र महीना माना जाता है। सावन चार जुलाई से प्रारंभ होकर 31 अगस्त तक चलेगा।

### सावन में आठ सोमवार

ज्योतिषाचार्य के अनुसार हिंदू नववर्ष को मात्र 10 दिन शेष हैं। हिंदू नववर्ष यानी हिंदू संवत्सर 2080 का शुभारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा और अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 22 मार्च से हो रहा है। नया साल धार्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व वाला होगा। खासकर भगवान भोलेनाथ के भक्तों के लिए नया साल पूजा-अर्चना के लिए शुभदायी होगा क्योंकि नए साल में सावन महीना 30 दिनों की बजाय लगभग 59 दिनों का होगा। हर साल सावन महीने में चार या पांच सोमवार पर विशेष पूजा होती है, लेकिन इस साल आठ सोमवार पड़ेगा।

### पर्व, त्योहारों में 15-20 दिन का अंतर

नए हिंदू संवत्सर में एक माह बढ़ने से कई पर्व और त्योहार इस साल की अपेक्षा आने वाले साल में 15-20 दिन बाद मनाए जाएंगे। सावन महीने के पहले पड़ने वाले पर्व, त्योहार इस साल की अपेक्षा 15 दिन पहले पड़ेंगे, वहीं सावन महीने के बाद पड़ने वाले पर्व, त्योहार 15-20 दिन बाद पड़ेंगे।

### तिथि के घटने-बढ़ने से पुरुषोत्तम मास

हिंदू संवत्सर के प्रत्येक महीने में दो पक्ष होता है, एक शुक्ल पक्ष और दूसरा कृष्ण पक्ष। 15-15 दिनों के इस पक्ष में कुछ तिथि दो दिन पड़ती है। इस तरह एक साल में 354 दिन होते हैं, जिसे चंद्रमास कहा जाता है। अंग्रेजी साल 365 दिनों का होता है। इस तरह अंग्रेजी और हिंदू नववर्ष में एक साल में 11 दिनों का अंतर आ जाता है। तीन साल में यह अंतर 33 दिनों का होता है, यानी एक महीना बढ़ जाता है। इसे ही अधिमास अथवा पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। इस मास में तीर्थयात्रा करने और भगवान की कथाओं का वाचन करने को विशेष महत्व दिया जाता है।

### अगले माह वर्ष का पहला सूर्य ग्रहण

इस साल 2023 में कुल 4 ग्रहण पड़ने वाले हैं जिनमें से दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्रग्रहण होंगे। इस साल का पहला सूर्य ग्रहण खग्रास सूर्य ग्रहण होगा, जो कि ज्योतिष शास्त्र के नजरिये से बहुत ही खास माना जा रहा है। बता दें कि यह सूर्य ग्रहण अगले महीने यानी अप्रैल में लगेगा। जिसका असर सभी राशियों पर पड़ेगा और कुछ राशियों को इसके शुभ परिणाम मिलेंगे।

# इंस्टाग्राम में दोस्ती के बाद शहर की युवती का नरसिंहपुर के आरक्षक ने किया दैहिक शोषण

### शादी का झांसा देकर बनाए संबंध, एसपी से शिकायत के बाद शुरू हुई जांच

**कटनी, यशभारत।** शहर की एक 22 वर्षीय युवती ने नरसिंहपुर जिले के अजाक थाना में पदस्थ एक आरक्षक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाया है। दोनों के बीच इंस्टाग्राम से बढ़ती दोस्ती अब तकरार में बदल गई है। युवती की शिकायत पर नरसिंहपुर एसपी ने जांच बैठाई है। नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह को दिए गए शिकायत पत्र में शहर की 22 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि डेढ़ साल पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी दोस्ती आरक्षक धर्मेंद्र डोंगरे हाल पदस्थापना अजाक थाना नरसिंहपुर से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती बढ़ी तो दोनों का एक दूसरे से मिलना-जुलना शुरू हुआ। कई बार धर्मेंद्र उसके साथ शादी का झांसा देकर कटनी, जबलपुर व नरसिंहपुर में मिलता रहा व दैहिक शोषण करता रहा। वहीं अब शादी करने से मना कर रहा है। अपने साथ हुई ज्यादती की शिकायत युवती ने एसपी से करते हुए जांच करा कर दोषी आरक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायत करा दिया था वापस

एक जानकारी में बताया जाता है कि पीड़ित युवती ने इस मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी की थी। इस पर आरोपी आरक्षक ने फिर युवती पर दबाव बनाया कि शिकायत वापस ले लो। जब युवती ने शिकायत वापस ले ली तो आरक्षक फिर शादी करने से मुकर गया। युवती ने यह भी बताया कि नरसिंहपुर एसपी से शिकायत करने के पहले वह रंगनाथ नगर थाना गई थी, जहां से उसे कह दिया गया था कि तुम्हारा मामला सोशल मीडिया से जुड़ा है, इसलिए नरसिंहपुर में जाकर शिकायत करो। इसके बाद महिला थाना गई लेकिन थाना प्रभारी से मुलाकात न हो पाने के कारण नरसिंहपुर जाकर शिकायत की है। इस मामले में आरक्षक धर्मेंद्र डोंगरे का कहना है कि युवती द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

### इनका कहना है

आरक्षक के खिलाफ युवती ने नरसिंहपुर एसपी से शिकायत की है। नरसिंहपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान दोनों पक्षों को बुलाकर सुना जाएगा। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-सुनील कुमार जैन,** पुलिस अधीक्षक

## युवकों से अवैध शराब बरामद

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर पुलिस ने एसीसी रोड में रविशंकर केवट पिता निवासी अमीरगंज साई मंदिर के पास को 16 पाव शराब, कुठला पुलिस ने शिवम ढाबा के पास संदीप सिंह को 3 लीटर कच्ची शराब, स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम नैगंवा रोड के पास सुरेश चन्द्र जायसवाल को 18 पाव शराब, नैगंवा रोड के पास नसीम खान को 18 पाव प्लेन शराब ग्राम देवरी मवई में कोदूलाल को 3 लीटर शराब सहित पकड़ा है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## हाइवे से बाइक चोरी

कटनी, यशभारत। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत भेड़ा बायपास मोड़ से एक बाइक चोरी चली गई। मिली जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद के खेरमाई मोहल्ला निवासी घनश्याम मिश्रा की मोटरसायकल क्रमांक एम.पी.21एमआर-4793 को भेड़ा बायपास मोड़ से अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। चोरी गई बाइक की कीमत लगभग 65 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात बदमाश के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

**कटनी, यशभारत।** अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बसाड़ी में राजेश कुमार चौधरी को बाइक चालक ने टक्कर मारकर चोट पहुंचाई। इसी प्रकार बहोरीबंद के ग्राम सुपेली और मुरवारी के बीच में सत्येंद्र तिवारी को एक वाहन चालक ने टक्कर मारकर चोट पहुंचाई। पुलिस ने घायलों का उपचार कराते हुए आरोपी वाहन चालकों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# श्रीराम यज्ञ एवं कथा को लेकर हुई बैठक

**कटनी, यशभारत।** श्री हनुमान मंदिर ग्राम कटंगी खुर्द में श्रीराम यज्ञ एवं श्रीराम कथा क लेकर श्रद्धालुओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सात दिवसीय यज्ञ में दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचेगे, जिनके लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की जाएं। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शरण महाराज सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ कथा वाचक के रूप में रहेंगे। 12 से 19 मार्च को कथा वाचन किया जाएगा। बताया गया है कि 19 मार्च को बीच दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक विशाल भंडारा के साथ कथा का समापन होगा।



## नीलिमा ❤ से

### आओ कान्हा फागुन में





रोम रोम पुलकित कर दो इस बिरहन के चितवन में
आओ कान्हा मेरा सूना मन भर दो पावन से इस फागुन में

मुरली की मधुर तान छेड़ दो अहसासों के दामन में
आओ कान्हा कण कण में झंकार भर दो पावन से इस फागुन में

इन्द्रधनुषी सतरंगी रंग भर दो कोरे मन के आंगन में
आओ कान्हा काया कंचन कर दो पावन से इस फागुन में

महका दो पोर-पोर केसर कली कस्तूरी चंदन में
आओ कान्हा सुरभित कर दो सांसे, पावन से इस फागुन में

टेसु पलाश अबीर गुलाल के रंग भर दो इस रंगहीन जीवन में
आओ कान्हा देह संग हृदय भी रंग दो पावन से इस फागुन में

कुमकुम महावर हल्दी मेहंदी अर्पित कर दो इस अंतर्मन में
आओ कान्हा प्रीत का शगुन कर दो पावन से इस फागुन में

प्रेम का संचार भर दो विरह की हर व्याकुल धड़कन में
आओ कान्हा मिलन की ज्योति जला दो पावन से इस फागुन में !!!

**- नीलिमा पाठक सामंतरे**

# बहोरीबंद विधानसभा के लिए क्षेत्रीय प्रत्याशी चुनने पारित हुआ संकल्प



**ग्राम बड़खेड़ा में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की हुई बैठक**

**कटनी,यशभारत। प्रदेश में वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। वहीं इस बार बहोरीबंद विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के द्वारा क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग कांग्रेस आलाकमान से की जा रही है।**

क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग को लेकर गत शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बड़खेड़ा में गुमान सिंह के निवास पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक से पूर्व भगवान बांके बिहारी की पूजा अर्चना की गई। बैठक में सभी ने क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग पर जोर दिया व एक मत होकर संकल्प पारित किया। जिसमें कहा गया कि क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात करेगा। जिसमें क्षेत्रीय प्रतयाशी को विधानसभा चुनाव लड़ाया जाए व बाहरी व्यक्तियों को प्रत्याशी न बनाया जाए। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस गुमान सिंह, जिला संगठन मंत्री महेंद्र जैन, शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष पं. रामनरेश त्रिपाठी, डॉ. के.एल. जैन, ब्लॉक अध्यक्ष स्लीमनाबाद पं. प्रदीप त्रिपाठी, डॉ. नरेंद्र राय, अजय गग्र, नरेंद्र रॉय, आरके यादव, महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष माधुरी जैन, विद्या पटेल, सोशल मीडिया समन्वयक आदित्य दुबे, रितेश परौहा, विजय पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# यातायात पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल

### आटो में छूटे यात्री के बैग को खोजकर किया वापस

**कटनी, यशभारत।** यातायात पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए आटो में भूले यात्री के बैग को खोजकर वापस किया है। बताया जाता है कि पन्ना निवासी कपिल प्रसाद उरमलिया का बैग बस स्टेंड जाते समय ऑटो में छूट गया था। यातायात पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पहले ऑटो की तलाश की और फिर उसमें छूटे बैग को बरामद कर संबंधित युवक को सौंपा। बैग बरामद करने में सूबेदार मोनिका खडसे व आरक्षक पंकज यादव की भूमिका रही।

JOIN US :
सिटी प्राईड सिनेमा में
CITY PRIDE







08 मार्च से रोजना 4 शो AUDI-1
12:00PM | 03:00PM | 06:00PM | 09:00PM
08 मार्च से रोजना 4 शो AUDI-2
01:00PM | 04:00PM | 07:00PM | 10:00PM
Rate card :- Recliner.... 300/-, Platinum... 250/-, Gold.... 200/-, Silver ........150/-

**कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल**
ई मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in,
फोन-0755-2553402, फैक्स-0755-2552406, क्रमांक 2715001/2014/ ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1400
निविदा सूचना क्रमांक- 532 / 2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक: 07/03/2023

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 27/03/2023 को 17:30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_WRD_243184 | पथरेहटा जलाशय के स्लूस का सुधार कार्य। | कटनी | 4.10 |
| 2 | 2023_WRD_245252 | माल्हन जलाशय के स्लूस की आर.डी. 270 से 360 मी. का सुधार कार्य। | कटनी | 3.27 |
| 3 | 2023_WRD_245254 | देवरी हटाई जलाशय के स्लूस का सुधार कार्य। | कटनी | 3.54 |
| 4 | 2023_WRD_245255 | करहिया जलाशय के स्लूस का सुधार कार्य। | कटनी | 3.43 |
| 5 | 2023_WRD_245256 | पिपरौंध जलाशय के स्लूस का सुधार कार्य। | कटनी | 2.97 |
| 6 | 2023_WRD_245258 | बहोरीबंद जलाशय योजना के शेडल डेम क्रं. 3 एवं 4 का वार्षिक मरम्मत कार्य। | कटनी | 3.25 |
| 7 | 2023_WRD_245259 | बहोरीबंद जलाशय योजना के विस्ट वियर के डाउनस्ट्रीम छावाल का प्रोटेक्शन कार्य। | कटनी | 10.88 |
| 8 | 2023_WRD_250315 | लाईट मशीनरी एवं वि. / यां. संभाग, उज्जैन हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | उज्जैन | 3.53 |
| 9 | 2023_WRD_255347 | संभागीय कार्यालय में महिला शौचालय निर्माण तथा पुरूष शौचालय एवं उपसंभागीय भवन मरम्मत कार्य। | गुना | 4.89 |
| 10 | 2023_WRD_255991 | हनौता सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम कोरासा के 11 के.व्ही. विद्युत लाईन की प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य। | सागर | 19.88 |
| 11 | 2023_WRD_255992 | हनौता सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम खजरा हरचंद पर के 11 के. व्ही. एवं एल. टी. विद्युत लाईन की प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य। | सागर | 19.98 |
| 12 | 2023_WRD_256002 | बारना बांध बाड़ी के बायी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 206 डी-1 शाखा के तीन नग सी. आर. गेटों का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 4.32 |
| 13 | 2023_WRD_256004 | तवा बांध पर विद्युत संरक्षण प्रणाली लगाने का कार्य। | नर्मदापुरम् | 11.04 |
| 14 | 2023_WRD_256006 | तवा दायी तट नहर के बागरा ब्रांच कैनाल के चैनेज क्र.753 (काजल खेडी) एवं (पछुआ) पर हेड स्टाक असेंबली प्रदाय एवं लगाने का कार्य। | नर्मदापुरम् | 3.30 |
| 15 | 2023_WRD_256007 | तवा दायी तट नहर के बागरा ब्रांच कैनाल के चैनेज क्र. 249 बी.बी.सी. एवं 512 पर हेड स्टाक असेंबली प्रदाय एवं लगाने का कार्य। | नर्मदापुरम् | 9.80 |
| 16 | 2023_WRD_256010 | विभिन्न कार्यालयो में स्थापित डिसर्ट एयर कूलर एवं ए.सी. का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 1.39 |
| 17 | 2023_WRD_256549 | लाईट मशीनरी एवं वि. / या. संभाग, भोपाल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.72 |
| 18 | 2023_WRD_256553 | पार्वती परियोजना, लाईट मशीनरी एवं वि. / यां. उपसंभाग क्रं. 02, भोपाल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.72 |
| 19 | 2023_WRD_256945 | भरगवा बाँध का सर्वेक्षण कार्य। | सतना | 1.58 |
| 20 | 2023_WRD_257267 | सेमरी मध्यम परियोजना की मुख्य नहर की आर.डी. 1780 मीटर पर ड्रेनेज साईफन की क्षतिग्रस्त ब्रेस्टवाल का निर्माण कार्य। | रायसेन | 19.97 |
| 21 | 2023_WRD_257634 | वि/यां. भारी मशीनरी उपसंभाग उज्जैन / धार हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.53 |
| 22 | 2023_WRD_257811 | उपसंभागीय कार्यालय भवन, जीरापुर का मरम्मत कार्य। | राजगढ़ | 2.19 |
| | | कुल योग | | 144.27 |

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है
G24329/22
मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

कटनी, रविवार, 12 मार्च 2023

# 48 हजार से ज्यादा छात्र देंगे 5वी-8वी की परीक्षा

## इस बार बोर्ड पैटर्न पर हो रहे एग्जाम, 25 मार्च से शुरू होगी परीक्षा, तैयारियों में जुटा शिक्षा विभाग

**कटनी, यशभारत।** पांचवी और आठवी की वार्षिक परीक्षाएं आगामी 25 मार्च से शुरू हो रही है। जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षाओं के सफलतापूर्वक संचालन के लिए तैयारियां की जा रही है। स्कूलों में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त कराई जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक जिले में इस बार कक्षा पांचवी में 23 हजार 542 एवं कक्षा आठवी में 24 हजार 939 छात्र सम्मिलित हो रहे हैं। ये परीक्षाएं 25 मार्च से शुरू होकर 3 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने कक्षा पांचवी और आठवी की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न कराए जाने के साथ ही परीक्षा में भी बदलाव किया है।



यश भारत
खबर विशेष

राज्य शिक्षा केंद्र मध्यप्रदेश द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए कक्षा 5वी एवं कक्षा 8 वी की वार्षिक परीक्षा का संशोधित टाइम टेबल जारी किया गया है। जिसके मुताबिक 5वी-8वी की वार्षिक परीक्षा 25 मार्च से प्रारंभ होकर 3 अप्रैल 2023 को संपन्न होगरी। परीक्षा का समय दोनों कक्षाओं के लिए सुबह 9 बजे से 11 बजकर 30 मिनट निर्धारित किया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश के मुताबिक इस बार 60 अंक का प्रश्नपत्र होगा। इसमें 10 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न, 30 अंक के लघुउत्तरीय और 20 अंक के दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे। साथ ही प्रोजेक्ट के आधार पर 40 अंक मिलेंगे। इस बार निजी स्कूलों में भी एमपी बोर्ड के पाठ्यक्रम पर आधारित परीक्षा ली जाएगी।

### अप्रैल में घोषित होगा रिजल्ट

बताया जाता है कि कक्षा 5वी व 8वी की वार्षिक परीक्षाएं संपन्न होने के बाद उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम होगा और इसके बाद अप्रैल में ही रिजल्ट घोषित किया जाएगा। परीक्षा में निर्धारित ग्रेड न प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए परीक्षा परिणाम घोषित होने के 2 माह में पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### इनका कहना है

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर कक्षा पांचवी और आठवी की परीक्षाओं की तैयारियां की जा रही है। पांचवी और आठवी की परीक्षाएं आगामी 25 मार्च से शुरू होकर 3 अप्रैल तक संचालित की जाएंगी। स्कूलों में परीक्षाओं के मद्देनजर आवश्यक तैयारियां की जा रही है। केन्द्रों को दुरूस्त किया जा रहा है। शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

-के के डेहरिया, डीपीसी

### कक्षा 5वी-8वी का टाइम टेबिल

| तारीख | कक्षा पांचवी | कक्षा आठवी |
|---|---|---|
| 25 मार्च | हिन्दी | विज्ञान |
| 27 मार्च | पर्यावरण अध्ययन | सामाजिक विज्ञान |
| 29 मार्च | इंग्लिश | हिन्दी |
| 31 मार्च | उर्दू | अंग्रेजी |
| 1 अप्रैल | ------ | संस्कृत |
| 3 अप्रैल | गणित | गणित |

## प्रदेश में 16 लाख व जिले में 48 हजार से ज्यादा छात्र

विदित हो कि राज्य शिक्षा केंद्र ने पिछले साल से ही पांचवीं-आठवीं की परीक्षा को बोर्ड परीक्षा कर दिया है। पिछले साल सिर्फ सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने पांचवीं-आठवीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। इस बार पांचवीं-आठवीं में एमपी बोर्ड से संबंधित सभी निजी स्कूलों को भी शामिल किया है। इस बार प्रदेश के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के पांचवीं-आठवीं के करीब 16 लाख विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा देना होगी। इसमें सीबीएसई के विद्यार्थी शामिल नहीं रहेंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने समय-सारिणी, प्रश्नपत्रों का स्वरूप और ब्लू प्रिंट जारी कर दिया गया है। कटनी जिले में पांचवी में 23 हजार 542 और आठवीं में 24 हजार 939 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।

### कक्षा पांचवी-आठवी में कुल छात्र

| | शासकीय स्कूल | | निजी स्कूल | |
|---|---|---|---|---|
| विकासखंड | पांचवी | आठवी | पांचवी | आठवी |
| बड़वारा | 3076 | 3564 | 1116 | 915 |
| बहोरीबंद | 2724 | 2915 | 970 | 872 |
| ढीमरखेड़ा | 2749 | 2909 | 532 | 442 |
| कटनी | 2889 | 3311 | 3364 | 3320 |
| रीठी | 1949 | 2341 | 417 | 306 |
| विजयराघवगढ़ | 2712 | 3124 | 1045 | 920 |
| योग | 16098 | 18164 | 7444 | 6775 |
| कुल योग | कक्षा 5वी - 23542 | | कक्षा 8वी 24939 | |



# लाट निकालकर आरक्षित वर्ग को आवंटित की गई दुकानें

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** नगर परिषद क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 7 में नगरीय निकाय द्वारा निर्मित 10 दुकानो की नीलामी के ई निविदा टेंडर हेतु रोस्टर आरक्षण की कार्यवाही नगर परिषद विजयराघवगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमे नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति वसुधा मिश्रा, उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शिवदत्त राजा उरमलिया, नूर मोहम्मद सिद्दीकी, पार्षदों व नागरिकों की उपस्थिति में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामावतार पटेल, राजस्व निरीक्षक रामसिया बर्मन, शेख राजू, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, गुड्डू शर्मा कर्मचारियों की उपस्थिति में आरक्षण प्रक्रिया लाट सिस्टम से आरंभ की गई, जिसमे सर्वप्रथम एसटी वर्ग के लिए 10 दुकानों में से एक दुकान आरक्षण हेतु सर्व सम्मति से बसोरी आदिवासी के माध्यम से लाट निकाल कर आरक्षित की गई। इसी क्रम में एससी वर्ग के लिए बाबूलाल आदिवासी के माध्यम से 3 नम्बर दुकान लाट सिस्टम से ही एससी वर्ग के लिए आरक्षित की गई। ओबीसी वर्ग के लिए श्रीमति सरोज चौधरी द्वारा लाट सिस्टम से 9 नम्बर की दुकान ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित की गई। शेष दूकान अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित की गई। आरक्षण की कार्यवाही मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामावतार पटेल द्वारा की गई। सीएमओ श्री पटेल ने बताया कि इसके उपरांत स्थानीय प्रशासन द्वारा ई निविदा की होगी।

**नगर परिषद विजयराघवगढ़ में दुकानों का आवंटन**

# होली मिलन में खूब उड़ा अबीर-गुलाल

### कायस्थ समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** हर साल की तरह इस साल भी जगन्नाथ चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर में श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा के तत्वावधान में होली के बाद द्वितीया तिथि को बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त मंदिर पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना की। कायस्थ समाज ने आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त का दीपए धूप प्रज्ज्वलित कर किया। अबीर, गुलाल, चंदन, पीताम्बरी, पुष्प, फल, मेवा, चरणामृत, तांबुल, श्रीफल अर्पित कर कलम दवात की पूजा की, इसके पश्चात महाआरती प्रसादी की। इस अवसर पर कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे।



### बरही में नगर में आज होगा हास्य कवि सम्मेलन

**कटनी, यशभारत।** भगवान विजयनाथ की पावन नगरी विजयनाथ धाम बरही में 12 मार्च को विराट हास्य होली कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। होली महोत्सव समिति बरही के तत्वावधान में देश के प्रख्यात हास्य कवियों का समागम होगा। होली हुड़दंग समिति द्वारा नगर के विजय स्तम्भ चौक में इस विराट हास्य कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध चर्चित कवि अमन अक्षर इंदौर, मणिका दुबे सिहोरा जबलपुर, राम बाबू सिकरवार धोलपुर.राजस्थान, केके अग्निहोत्री कानपुरए विकास बौखल बाराबंकीए अमित शुक्ला रीवा लोगों को अपने हास्य व्यंग्य से ठहाके लगवाने पहुंच रहे हैं।

# अंडर 13 बालक क्रिकेट टूर्नामेंट 20 से जबलपुर में



### कटनी टीम का चयन, लकी मेहरा बने कप्तान

**कटनी, यशभारत।** संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वाधान में बालक अंडर 13 आयु समूह का टूर्नामेंट जबलपुर में आगामी 20 मार्च से आयोजित किया जा रहा है। उस प्रतियोगिता के लिए कटनी जिले की टीम का चयन किया गया है। डीसीए के सचिव राजेश डेविड, विभाष पाटिल एवं एम बैनर्जी चयनकर्ताओं की उपस्थिति में चयन किया गया। टीम में लकी मेहरा कप्तान, प्रतीक त्रिपाठी, यश तिवारी, ओम भारद्वाज, अभेन्द्र प्रताप सिंह, जीत सोमवानी, सक्षम जैन, सार्थक गिरी, देव विश्वास, तौसीफअहमद, दीपांशु यादव, पृथ्वी सिंह, सूर्यभान यादव, बड़वारा, अनिकेत गुप्ता बरही, मानस म्हरोलिया शामिल है।

# शहर में मजदूरों के लिए शीघ्र बनेगा आश्रयस्थल

### भारतीय मजदूर संघ के प्रयास से मिली अनुदान की स्वीकृति

**कटनी, यशभारत।** शहर में सैकड़ों कारखाने संचालित हैं, जिसमें हजारों मजदूर काम करते हैं। इनमें से अधिकांश ऐसे हैं, जो अस्थाई तौर रोजमर्रा के हिसाब से मजदूरी करते हैं और हर दिन काम की तलाश में रहते हैं। ऐसे श्रमिकों को ठहरने के लिए शहर में प्रशासन की ओर से कोई आश्रय व्यवस्था नहीं है। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशमंत्री कमलेश पटेल के प्रयासों से ऐसे ही आश्रय का निर्माण श्रम मंत्रालय के माध्यम से अनुदान स्वीकृत करवाकर किया जा रहा है। इसके लिए मंत्रालय क के बोर्ड के चेयरमैन से स्वीकृति मिल चुकी है। यह अनुदान मध्यप्रदेश शासन के श्रम मंत्रालय के असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल से लिया जा रहा है। उस आश्रय के निर्माण हेतु भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे से भेंट की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत कुम्ठाकर भी उपस्थित रहे। बताया जाता है कि खिरहनी क्षेत्र में अधिकांश तौर पर मजदूर वर्ग रहता है, इसलिए वहीं पर इसके निर्माण की चर्चा नगर निगम आयुक्त से हुई। इसके निर्माण के लिए लगभग 3 हजार स्केवयर फुट जमीन की आवश्यकता पड़ेगी, जिस पर चार से छह कमरों का निर्माणा स्नानागार, शौचालय के साथ किया जाएगा। संघ के प्रदेशमंत्री कमलेश पटेल ने बताया कि इसके लिए नगर निगम आयुक्त ने राज्य शासन को शीघ्र ही प्रपोजल भेजने की बात कही है और भारतीय मजदूर संघ के प्रयासों की काफी प्रशंसा की। संघ द्वारा नगर निगम आयुक्त को प्रपोज भेजने हेतु पत्र भी लिखा गया है, जिसमें भूमि इत्यादि का उल्लेख किया गया है।



### कल्पना कोटक बनीं वैश्य महासम्मेलन की जिलाध्यक्ष

**कटनी, यशभारत।** जिला महिला इकाई वैश्य महासम्मेलन मप्र कटनी के प्रस्ताव एवं कोर ग्रुप की अनुशंसा पर महिला प्रदेशाध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मप्र डॉ. मीना गुप्ता की सहमति से श्रीमती अलका सरावगी को वरिष्ठ सलाहकार, श्रीमती जयंती खंताल को जिला प्रभारी और श्रीमती कल्पना कोटक को जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। नवीन नियुक्तियों पर समस्त इकाइयों द्वारा बधाई प्रेषित की गई है।

### फागोत्सव का में छाया उल्लास, जमकर उड़ा गुलाल

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में इन दिनों रंगोत्सव की धूम है। तहसील क्षेत्र के गांवों में जगह-जगह फागोत्सव के आयोजन हो रहे हैं। गुलाल के साथ फूलों की होली खेली जा रही है। कहीं राधाकृष्ण संग रास तो कहीं होली के गीत गूंज रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को जगदीश धाम खिरहनी में फाग उत्सव मनाया गया तो एसडीओपी कार्यालय स्लीमनाबाद में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जगदीश धाम में फूलों से होली खेली। यहां श्रीकृष्ण राधाजी की जीवंत झांकी सजाई गई। महिलाओं ने फाग गीतों पर रास किया। पूर्व सरपंच भागीरथ द्विवेदी ने कहा कि सनातन संस्कृति में सभी त्यौहार सामाजिक समरसताए सौहार्द्र का प्रतीक होते हैं। होली का यह पर्व हमें आपसी मतभेद को मिटाकर स्नेह में रंगने का संदेश देता है। रंगोत्सव की कड़ी में रविवार को रंगपंचमी का पर्व मनाया जाएगा। नगर सहित ग्रामीण अंचल में रंगों से सराबोर होगा। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी अवध बिहारी जू मंदिर में महिला मंडल द्वारा फागोत्सव आयोजित किया जाएगा।

# गीत-संगीत की महफिल, वरिष्ठों का सम्मान

### आनंद संस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा संस्था का कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** आनन्द संस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा संस्था ने बिश्राम बाबा वार्ड में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का का सम्मान किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि हम सभी युवा, बुजुर्ग जो डिप्रेशन में चले जाते है, उनको आत्म विश्वास खुद पर गर्व हो, उनको जोड़ते हैं और यहां एकत्रित होकर आपस में गीत संगीत भजन की प्रैक्टिस करते है। खूब आनन्द लेते है। संस्था के आनन्द पांडे, लख्खू भाई खियानी, दिलीप विश्वकर्मा ने इस अवसर पर गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद सभी के कहने पर राकेश जैन ने भी अपना सबसे मनपसन्द पुराना गीत दोनों ने किया था प्यार...सुनाया। इस अवसर पर आनन्द पांडे, दिलीप विश्वकर्मा, लख्खू भाई खियानी, मनीष गौतम, आर शंकर रेल विभाग, लक्ष्मण नानकानी, अम्बा दास दरयानी, अनिल जायसवाल, गजेंद्र यादव, कान्हा कुशवाहा चंदन कुशवाहा आदि उपस्थित थे।



**कार्यालय -- प्राचार्य,**
**शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.)**
फोन / फैक्स : 07622. 230418
ई-मेल : heggckat@mp.gov.in girlscollegekatni@yahoo.co.in
क्रमांक / स्था. / 1216/2023 कटनी, दिनांक : 07.03.2023

**द्वितीय आमंत्रण**

**विश्व बैंक वित्त पोषित म.प्र. उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना के अंतर्गत ई-लाईब्रेरी में लगने वाले उपकरणों (Computer i3, All in one multifiunctional printer, Barcode reader with barcode printer) की पूर्ति हेतु ई - निविदा आमंत्रण का संक्षिप्त विज्ञापन**

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में विश्व बैंक वित्त पोषित म.प्र. उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना के अंतर्गत आवंटित राशि से ई-लाईब्रेरी में लगने वाले उपकरणों (Computer 13, All in one multifiunctional printer, Barcode reader with barcode printer) का क्रय किया जाना है। जिसका बिड नम्बर जेम पोर्टल पर निम्नानुसार है-

| स. क्रं | बिड नम्बर | सामग्री का नाम | अंतिम तिथि / समय |
|---|---|---|---|
| 1 | GEM / 2023/B/3238420 | Computer i3 | दिनांक 17.03.2023 समय सायं 08:00 बजे तक |
| 2 | GEM / 2023/B/3238638 | All in one multifiunctional printer | दिनांक 17.03.2023 समय सायं 08:00 बजे तक |
| 3 | GEM / 2023/B/3238774 | barcode printer | दिनांक 17.03.2023 समय सायं 08:00 बजे तक |
| 4 | GEM/2023/B/3238897 | Barcode reader | दिनांक 17.03.2023 समय सायं 08:00 बजे तक |

आपूर्तिकर्ता फर्म जेम पोर्टल के माध्यम से उक्त सूची में वर्णित सामग्री हेतु निविदा प्रस्तुत करें। शेष शर्तें उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन की वेबसाईट mphighereducation एवं महाविद्यालय की वेबसाईट mphighereducation.nic / gdckatni पर देखें।

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
कटनी (म.प्र.)

जी-24344/22

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति
एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है
संपर्क-8109417340

mgm HOSPITAL
कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलिटी स्वास्थ्य सेवाएं
नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
**एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी**
डॉ. एस.के.गुप्ता - दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह - M.B.B.S., M.S.,F.M.A.S (GEN. & Laparoscopy Surgeon) - कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. पंकज गुप्ता - M.B.B.S., M.S. (ORTHO) Bone & Fracture Specialist - फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलटी सुविधायें 24 घंटे उपलब्ध है: CT Scan, M.R.I., एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, दूरबीन सर्जरी, डायलसिस
डॉ. रवि कुमार - M.B.B.S., M.D. (MEDICINE) - कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ. मानसी गुप्ता - मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा - स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
From 9th March 2023




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

## अभिनंदन समारोह में बोले सीएम शिवराज

# 2003 में भाजपा की सरकार बनाने में योद्धा और रणनीतिकार उमा ही थीं

■ भोपाल, यशभारत।

रवींद्र भवन भोपाल में पूर्वमुख्यमंत्री उमा भारती की माता बेटी बाई स्मृति शिक्षण समिति द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अहाते बंद करने का निर्णय आसान नहीं था। तर्क देने वाले, तर्क देते हैं। कई कहते थे कि ये बुनियादी अधिकार है। हमने कहा मौलिक अधिकार है तो घर जा के पीएं। पुलिस वालों को ब्रीथ एनेलाइजर उपलब्ध करा रहा हूं, जो शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर निगरानी रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2003 में भाजपा की सरकार बनाने में, योद्धा और रणनीतिकार उमा भारती ही थीं। उमा दीदी, की तपस्या का परिणाम है कि मुझे कभी पैसे की कमी नहीं पड़ी। उमा जी में मुझे दीदी के साथ मां भी नजर आती है। मेरी मां का स्वर्गवास बचपन में हो गया था, लेकिन





जब मन बेचैन होता है तो लगता है कि दीदी मुझे मां की तरह दुलार करें। मैं दीदी में एक बेटी और एक मित्र भी देखता हूं। आपका स्नेह, प्यार और आशीर्वाद मिला है और मेरा संकल्प है कि कभी वो दिन नहीं आएगा, जब आपको निराश होना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना बनाई है, जून के महीने से बहनों के खाते में पैसा आना शुरू हो जाएगा। गाय बचाने की दृष्टि से जो रास्ता दीदी ने सुझाया है, उस पर भी विचार करेंगे। अभिनंदन तो एक बहाना था, मुझे उमा दीदी का आशीर्वाद लेने आना था। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मातृत्व का स्नेह उमा भारती से मुझे मिलता रहा है। बुंदेलखंड को सूखा से मुक्त करने लाई गई केन बेतवा लिंक परियोजना में भी उमा भारती के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का योगदान है। नर्मदा नदी से एक किलोमीटर के भीतर शराब दुकानें बंद करने का संकल्प लिया था, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने इस संकल्प को पूरा किया है। आज भी ये शराब दुकानें बंद है।

मप्र जैसी आबकारी नीति पूरे भारत में कहीं नहीं उमा उमा भारती ने कहा कि आबकारी नीति का निहितार्थ पूर्ण शराबबंदी है। ऐसी आबकारी नीति पूरे भारत में कहीं नहीं है। जिनका जन विरोध है, वे शराब दुकान बंद हो जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि विधायक, सांसद, मंत्री या उनका बेटा हो, या कोई भाजपा नेता, शराब पीते पकड़ाए तो उसके मुंह पर एक मुक्का जमा देना। ऐसे पुलिस कर्मियों का तबादला या पदस्थापना में परेशान किया गया।



# 78 साल से पुराने भोपाल और 33 वर्षो से नए शहर में निकल रहा रंगपंचमी चल समारोह

## चल समारोह में नृत्य मंडलियां होंगी शामिल

■ भोपाल, यशभारत।

होली पर्व का विशेष महत्व होता है। प्रेम व सद्भाव के इस त्योहार में चल समारोह निकालने की परंपरा बहुत पुरानी है, जो अब तक जीवित है। आज रंग पंचमी मनाई जा रही है। इस अवसर पर याद आता है कि पुराने शहर में 78 वर्ष पहले श्री हिन्दू उत्सव समिति ने होली व रंगपंचमी के चल समारोह की शुरुआत की थी। वहीं नए शहर में 33 वर्ष पहले भोपाल त्योहार उत्सव समिति ने की थी। दोनों चल समारोह हर वर्ष निरंतर निकलते हैं। जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। आज रंगपंचमी पर दोनों चल समारोह निकलेंगे, जिनमें शहरवासियों की भीड़ देखने को मिलेगी। सुबह से ही चल समारोह शुरू हुए। पुरानेशहर की प्रमुख धार्मिक व सामाजिक समिति हिन्दू उत्सव समिति निरंतर 78 वर्षो से होली व रंगपंचमी का चल समारोह निकाल रही है। परंपरागत चल समारोह में शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। पुराने शहर में निकलना वाल इस चल समारोह में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई का भाईचारा व प्रेम देखने को मिलता है। चल समारोह में शामिल हुरियारों पर सभी धर्मो के लोग फूलों से वर्षा करते हैं। 78 वर्षो में पुराने शहर में परंपरागत चल समारोह के मार्ग बदले गए। अलग-अलग मार्गो पर चल समरोह निकले। छोटे से बड़े रूप चल समारोह ने लिए, कोरोना के कारण सांकेतिक रूप से चल समारोह निकले, लेकिन हिन्दू उत्सव समिति ने चल समारोह को कभी बंद नहीं होने दिया। इस वर्ष रविवार को हिन्दू उत्सव समिति का परम्परागत रंगपंचमी पर चल समारोह निकाला जा रहा है। व्यवस्थापक व संयोजक कपिल जाधव ने बताया कि जिसमें नृत्य मंडली भी शामिल है।

**टैंकरों से हुरियारों पर होगी रंगों की वर्षा। फूलों से होगा स्वागत**

रंगपंचमी पर 33 वर्ष से निकल रहा नए शहर में चल समारोह

नया शहर - रंगपंचमी पर 33 वर्ष से नए शहर में मनमुटाव खत्म करने वाला अनोखा चल समारोह निकलता है। यह 34वां वर्ष है, जब चल समारोह निकला था। इसकी शुरुआत शाहपुरा निवासी शैतान सिंह पाल ने की थी। यह चल समारोह शाहपुरा चौराहा स्थित शैतान सिंह मार्केट से शुरू होकर न्यू मार्केट स्थित हनुमान मंदिर के सामने रंग, गुलाल, फूल और रंग बिरंगे पानी की बौछारों से उल्लास के साथ खत्म हुआ। पांच दिवसीय रंगोत्सव के पर्व पर रंग पंचमी के दिन इस चल समारोह में गुलाल, फूल और रंग बिरंगे पानी की बौछारों के साथ लोगों को एक-दूसरे से गले मिलकर बधाई देते हैं। होलिका दहन के दूसरे दिन धुलेंडी के बाद रंग पंचमी पर शहर की गलियों में खूब रंग, गुलाल, फूल और रंग बिरंगे पानी की बौछारों के साथ सभी रंगोत्सव का उल्लास के साथ आनंद उठाते है। इस दिन बड़ी संख्या में हर गली मोहल्लों से रंग पंचमी के चल समारोह भी निकाले जाते है। रंग पंचमी को श्रीपंचमी और देव पंचमी भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यता अनुसार चैत्र कृष्ण पंचमी के दिन देवी-देवता भी रंगों का उत्सव मनाते हैं। ऐसा भी कहा जाता है कि रंग पंचमी के दिन भगवान कृष्ण ने राधा रानी के संग होली खेली थी। इसी लिए रंग पंचमी पर चल समारोह निकल कर हुरियारे खूब रंग, गुलाल, फूल और रंग बिरंगे पानी की बौछारों के साथ रंगोत्सव पर्व का उल्लास मनाते हुए मंदिरों पर रंग पंचमी का चल समारोह का समापन करते हैं।

नए शहर का चल समारोह- भोपाल त्योहार उत्सव समिति द्वारा रंगपंचमी पर सुबह साढ़े दस बजे शाहपुरा शैतान सिंह पाल चौराहे से चलसमारोह प्रारंभहुआ जो कैंपियन स्कूल, वंदे मातरम, हबीबगंज थाना, रवि शंकर नगर से होते हुए न्यू मार्केट पहुंचकर समाप्त हुआ। चल समारोह धर्म ध्वजा, ऊंट, बैंड, शहनाई, रथ व डीजे शामिल थे।

# जिले के एक भी सीएम राइज स्कूल में खेल शिक्षक नहीं, अतिथियों के भरोसे कक्षाएं

## राजधानी के आठ सीएम राइज स्कूल किए चिह्नित

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के सबसे सर्व सुविधायुक्त बनाए जाने वाले सीएम राइज स्कूलों में से एक में भी खेल शिक्षक नहीं हैं। सभी स्कूलों में अतिथि शिक्षक के भरोसे विद्यार्थियों को खेल की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। सीएम राइज स्कूलों में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और ट्रैकिंग फील्ड बनाने की योजना है, लेकिन अब तक कुछ भी काम शुरू नहीं हुआ है। इन स्कूलों में खेल मैदान तो हैं, लेकिन बदहाल हैं। यहां पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप खेल सामग्री नहीं है। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही खेल के लिए अतिथि शिक्षक रखे जाएंगे। बता दें, कि राजधानी में आठ स्कूल सीएम राइज योजना के तहत चयनित किए गए हैं। अभी तक जहांगीराबाद स्थित रशीदिया स्कूल को सीएम राइज योजना के तहत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। लेकिन इसमें भी खेल शिक्षक नहीं हैं। प्रदेश



के 274 स्कूलों को सीएम राइज के तहत चिह्नित किया गया है। इसमें 69 स्कूलों में नए भवन के लिए भूमिपूजन अक्टूबर में किया गया। इन स्कूलों के नए भवन का डिजाइन तैयार कर लिया गया है। एक से डेढ़ साल में नया भवन बनकर तैयार कर लिया जाएगा।विद्यार्थियों के हिसाब से खेल के सामान नहीं राजधानी में आठ स्कूलों को सीएम राइज स्कूलों के लिए चिह्नित किया गया है। इसमें कुछ स्कूलों में खेल के बड़े मैदान तो हैं, लेकिन बदहाल हैं। दो या तीन स्कूलों में खेल के सामान हैं, बाकि में संख्या के मान से खेल के सामान उपलब्ध नहीं हैं। इसमें शासकीय उमावि बैरसिया, शासकीय सीएम राइज उमावि निशातपुरा में 872 विद्यार्थी व शासकीय उमावि कमला नेहरू कन्या उमावि में 600 छात्राएं अध्ययनरत हैं।

## जंगल में युवक की अधजली लाश मिली

**भोपाल यशभारत।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित सनखेड़ी में श्मशान के पास जंगल में युवक की अधजली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक शुक्रवार सुबह घर से मां से विवाद कर निकला था। इसके बाद उसकी लाश अधजली अवस्था में पड़ी मिली। लाश का कमर के नीचे का कुछ हिस्सा जंगली जानवरों ने खा लिया था। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिलने से प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। थाना प्रभारी जय कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली थी कि सनखेड़ी श्मशान घाट के पास जंगल में किसी युवक की अधजली लाश पड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो वहां शराब के क्वार्टर में पेट्रोल मिला। लाश से कुछ दूरी पर एक बाइक भी खड़ी मिली थी। बाइक के नंबर को वीडीपी पोर्टल पर सर्च किया गया तो बाइक नीरज नाम के व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड मिली। नीरज से संपर्क करने पर पता चला कि बाइक उसके रिश्तेदार 25 वर्षीय ललित पुत्र रामेश्वर गौर निवासी बांसखेड़ी के पास है और वह कल से लापता है। पुलिस ने नीरज के माध्यम से स्वजन से संपर्क किया। शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप वाहन की टक्कर से घायल किशोर ने दम तोड़ा

■ भोपाल, ईएमएस।

राजधानी के अयोध्या नगर इलाके में पांच दिन पहले पिकअप वाहन की टक्कर से घायल हुए एक किशोर ने इलाज के दौरान शुक्रवार को दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव मृतक के परिजन को सौंप दिया है। टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश की जा रही है।पुलिस के मुताबिक 16 वर्षीय राजा पुत्र ओमकार रावत काकड़ा क्रेसर बस्ती अयोध्या नगर में रहता था। सात मार्च की सुबह करीब 10 बजे वह अपने मौसा देवी रावत के साथ सरकारी स्कूल से पैदल अपने घर जा रहा था। दोनों वीरा ढाबा के पास पहुंचे, तभी भानपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार फिकअप वाहन ने राजा रावत को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे राजा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।इसी थानांतर्गत सागर स्टेट अयोध्या नगर के पास शुक्रवार को बेहोशी की हालत में मिले निशातपुरा निवासी 55 वर्षीय गेंदालाल को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रापर्टी डीलर के हत्यारों का सुराग नहीं

■ भोपाल, यशभारत।

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित नवाब कालोनी में गुरुवार-शुक्रवार की रात को बजे प्रापर्टी डीलर 30 वर्षीय सैफ शोएब अहमद उर्फ अली की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने क्षेत्र के निगरानीशुदा बदमाश सलमान उसके भाई इरशाद सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। इस मामले में अभी भी पुलिस के हाथ खाली हैं। निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात को नवाब कालोनी निवासी फैजल अब्बास का सलमान से विवाद हुआ था। सलमान ने अपने भाई इरशाद के अलावा दिलशाद, दानिश माया, टिल्लू के साथ मिलकर फैजल से मारपीट कर उसे चाकू मार दिया था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। उधर इस घटना का पता कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले सैफ शोएब अहमद उर्फ अली को चला। वह अपने साथियों को लेकर दोस्त की पिटाई का बदला लेने रात दो बजे सलमान के घर पहुंचा। वहां सलमान और उसके साथियों ने उन पर हमला कर दिया। सलमान ने गोली चलाई जो सैफ शोएब अहमद के सिर में धंस गई थी।

# चिकित्सकों ने दी सलाह-स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, जिससे आप स्वस्थ रहें

■ भोपाल, यशभारत।

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय(बीयू)के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा विश्व किडनी दिवस के उपलक्ष में स्वस्थ किडनी के लिए स्वस्थ जीवन शैली(देखभाल और एहतियात) पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन माइक्रोबायोलाजी विभाग में किया गया।जिसका उद्धघाटन कुलपति प्रो एसके जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डा रेड्डी फाउंडेशन फार हेल्थ एजुकेशन, स्वास्थ्य केंद्र एवं अपोलो सेज हास्पिटल भोपाल के सम्मिलित रूप से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अपोलो सेज हास्पिटल के नेफ्रोलाजिस्ट डा. चैतन्य कुलकर्णी एवं डा. ?तुबुद्दीन अली ने स्वस्थ किडनी के लिए स्वस्थ जीवन शैली के ऊपर अपना व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम से दैनिक दिनचर्या में किस प्रकार हमारी किडनी प्रभावित होती है एवं उसके रोकथाम पर चिकित्सकों द्वारा समझाया गया। उन्होंने कहा कि किडनी को



स्वस्थ रखने के लिए दैनिक दिनचर्या में बदलाव करना होगा। हर व्यक्ति को पानी अधिक से अधिक पीना चाहिए और खान-पान बेहतर रखें। इसके अलावा अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरूक हो। समय से उठना चाहिए और सोना चाहिए।स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहे।इस शिविर में फ्री हेल्थ चेकउप(शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर, हाइट, वेट एवं अन्य जांच) का आयोजन भी किया गया है।इससे विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक,अधिकारी,कर्मचारी,विद्यार्थी एवं विश्वविद्यालय में निवासरत परिवार के करीब 500 लोग लाभान्वित हुआ।इसके अतिरिक्त बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर के आसपास रहने वाले कालोनी के लोगों ने भी इस जागरूकता शिविर में सक्रिय रुप से अपनी भागीदारी की।

## नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को आठ चीते लाए गए

# कूनो नेशनल पार्क प्रबंधन ने नामीबिया से लाए चीता ओमान और आशा को खुले जंगल में छोड़ा

■ भोपाल, यशभारत।

कूनो नेशनल पार्क प्रबंधन ने नामीबिया से लाए गए नर चीता ओमान एवं मादा चीता आशा को शनिवार को खुले जंगल में छोड़ दिया। नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को आठ चीते लाए गए थे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्वारंटाइन बाड़े में छोड़ा था। खुले जंगल में छोड़े गए चीतों की कालर आइडी के माध्यम से लगातार निगरानी की जाएगी। इसके लिए चार टीमें लगाई गई हैं, जो चौबीसों घंटे चीतों से 100 मीटर दूर रहेंगी और उन पर नजर रखेंगी। पार्क की सीमा से सटे वनमंडलों एवं पुलिस थानों को भी सचेत कर दिया गया है। किसी भी तरह की सूचना आने पर वह तुरंत अलर्ट होंगे। वन्यप्राणी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह ओमान और दोपहर में आशा को बड़े बाड़े से रिहा किया गया। बाड़े से बाहर आते ही चीतों ने जंगल में दौड़ लगा दी और देखते ही देखते वहां उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों की आंखों से ओझल हो गए। उनकी सुरक्षा के लिए तैनात टीमें भी चीतों के साथ रवाना हो गई। शाम तक दोनों चीते बाड़े से करीब दो किमी की दूरी पर थे। इनकी 15 दिन लगातार निगरानी की जाएगी। सब ठीक रहा तो दो चीते फिर छोड़े जाएंगे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम - शिवपुरी में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) की अस्थायी इकाई गठित कर दी गई है, जो सूचना तंत्र विकसित करेगी और संदेह की स्थिति में कार्रवाई करेगी। डाग स्क्वायड को भी तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा चीता मित्र भी निगरानी रखेंगे। पर्यटकों को दूर रखा जाएगा - जंगल में छोड़े गए चीतों से फिलहाल पार्क आने वाले पर्यटकों को दूर रखा जाएगा। इसके लिए भी इंतजाम रहेगा। जिस क्षेत्र में चीते होंगे, उस क्षेत्र में पर्यटकों को करीब एक किमी पहले ही रोक दिया जाएगा।



# गुजरात में बनेंगे भोपाल-इंदौर मेट्रो के कोच

## मंत्री भूपेंद्र सिंह 13 मार्च को मेट्रो ट्रेन सेट की यूनिट की शुरुआत करेंग, फिर बनकर आंएगे

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश के दो बड़े शहर भोपाल और इंदौर में दौड़ने वाली मेट्रो ट्रेन के कोच (बोगियां) गुजरात में बनेंगे। फ्रांस की एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड कोच बनाएंगी। 13 मार्च को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह बड़ोदरा में मेट्रो ट्रेन की यूनिट का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद बनकर कोच भोपाल और इंदौर आएंगे। बता दें कि भोपाल में 6.22 किमी और इंदौर में 5.9 किमी लंबे मेट्रो रूट का काम चल रहा है। भोपाल में सितंबर तक मेट्रो दौड़ने और इंदौर में ट्रायल किए जाने का टारगेट है। भोपाल में पिलर और गर्डर लॉन्चिंग का काम पूरा हो चुका है। अब मेट्रो स्टेशन और पटरी बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। इंदौर में भी काम की रफ्तार तेज कर दी गई है। ताकि, विधानसभा चुनाव से पहले मेट्रो दिखाई देने लगे। इसके चलते ही मेट्रो ट्रेन सेट की यूनिट का शुभारंभ 13 मार्च को किया जा रहा है। अगले कुछ समय में कोच भोपाल और इंदौर में पहुंचेंगे। बताया जाता है कि बोगियां बनाने का काम पहले ही शुरू हो चुका है। ताकि, समय पर उन्हें इंदौर और भोपाल पहुंचाया जा सके। मंत्री सिंह यूनिट का निरीक्षण भी करेंगे।





इतनी बोगियां बन रही

जानकारी के अनुसार, 1400 करोड़ रु. में एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड कंपनी भोपाल के लिए 81 और इंदौर के लिए 75 बोगियां बना रही है। ये बोगियां कई मायने में खास होंगी। एक ट्रेन सेट में तीन बोगी होंगी। इसमें 970 यात्री सफर कर सकेंगे। एल्सटॉम बोगियों को ऐसे तैयार कर रही हैं, ताकि भीड़ बढ़ने पर भी यात्री आसानी से सफर कर सकें। हर कोच 2.9 मी. चौड़ा और 22 मी. लंबा होगा। कंपनी तो यात्रियों का जो कैलकुलेशन किया है, उस हिसाब से एक वर्ग मीटर में 8 यात्री होंगे। इनमें खड़े और बैठने वाले यात्री शामिल हैं। इस हिसाब से एक बोगी को 970 यात्रियों लायक बनाया जा रहा है।

### भोपाल मेट्रो के ये काम चल रहे

एम्स से सुभाष नगर अंडरब्रिज तक आठ स्टेशन एम्स, अलकापुरी, बोर्ड ऑफिस, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, डीबी सिटी, एमपी नगर जोन-1, आयकर भवन और सुभाष नगर अंडरब्रिज में बन रहे हैं। कुछ स्टेशनों का काम दिखाई देने लगा है तो कुछ का काम अभी काफी बाकी है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और डीबी सिटी जैसे चहल-पहल वाले स्थानों पर फुटओवर ब्रिज बनेंगे।

## नौवीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षा 20 से दिशा-निर्देश जारी

**भोपाल, यशभारत।** सरकारी स्कूलों की नौवीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च से शुरू होंगी। परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक रखा गया है। नौवी की परीक्षा 20 मार्च से पांच अप्रैल तक और 11वीं की 20 मार्च से 11 अप्रैल तक होंगी। नौवीं का पहला पेपर हिंदी का होगा, वहीं 11वीं का पहला पेपर संस्कृत का होगा।

### *मप्र युवा कांग्रेस मीडिया विभाग की ऑनलाइन

## 13 मार्च को घेरेंगे राजभवन

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया विभाग की बैठक विभाग के चैयरमेन विवेक त्रिपाठी* की अध्यक्षता में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई जिसमें युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के सभी जिलों के चैयरमेन एवं समन्वयक उपस्थित हुए।बैठक को संबोधित करते हुए विवेक त्रिपाठी ने सभी जिलों के पदाधिकारीयों से कहा कीभाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा 13 मार्च 2023 को कमलनाथ जी के नेतृत्व में च्राजभवन घेरावज्ञ करने जा रही है जिसके लिये सभी पदाधिकारियों को अपने जिलों में पत्रकार वार्ता आयोजित कर कमलनाथ जी का संदेश और भाजपा सरकार के कुशासन को मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें । साथ ही सभी पदाधिकारियों को भारी संख्या में युवाओं के साथ भोपाल पहुंच कर आंदोलन में शामिल होने के लिए भी निर्देशित किया गया ।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना : जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

# 1000 के लिए ई-केवाईसी की कवायद

**कटनी,यशभारत।** जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में आहूत की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आयुक्त, नगर पालिक निगम, एस0डी0एम0 बहोरीबंद, विजयराघवगढ, कटनी, ढीमरखेड़ा, जिला कार्यम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लीड बैंक मेनेजर, समस्त तहसीलदार, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, समस्त परियोजना अधिकारी, समस्त सी0एम0ओ0, जिला प्रबंधक, एन0आई0सी0 एवं प्रबंधक, ई-गर्वेनेन्स उपस्थित रहे। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रचार-प्रसार एवं ई-केवाईसी (आधार नंबर को समग्र आई0डी0 संख्या से लिंक करवाना) को प्राथमिकता प्रदान करें तकि जिले की संभावित सभी पात्र महिला हितग्राहियों को सरलतम रूप से योजना का लाभ प्रदान किया जा सके।

विदित हो कि लाड़ली बहना योजना अंतर्गत म0प्र0 की स्थाई निवासी विवाहित महिलाएं (विधवा, तलाक शुदा, परित्यक्ता) जो कि 23 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु वर्ग की हो, परिवार की सम्मिलित वार्षिक आय 2.5 लाख रूपये से अधिक न हो, को प्रतिमाह 1000 रूपये प्रदाय किया जायेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदिका के पास परिवार की समग्र आई0डी0 का आधार कार्ड संख्या से लिंक होना अनिवार्य है। साथ ही आधार बेस्ड भुगतान डी0बी0टी0 इनेबल्ड बैंक खाता में किया जावेगा हितग्राहियों से अपेक्षा है कि बैंक शाखा के माध्यम से अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करवाकर डी0बी0टी0 इनेबल्ड करवा लेवें। इस हेतु उपस्थित लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया गया कि बैंक शाखाओं में पहुंचने वाली हितग्राही महिलाओं की सुविधा एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करवाने का प्रयास करें। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा 12 मार्च 2023 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड दरोगा, रोजगार सहायक द्वारा योजना के तहत सर्वे कार्य प्रारंभ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।



नगरीय निकाय के वार्डो एवं ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर समग्र आई0डी0, व्यक्तिगत समग्र आई0डी0, आधार कार्ड, स्वयं का आधार लिंक्ड डी0बी0टी0 इनेबल्ड बैंक खाता लिंक करने का कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। अगले क्रम में दिनांक 11 मार्च 2023 को प्रातः 10:00 बजे से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का कार्य संपादित करने हेतु जिला स्तरीय वीडियों कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में लाडली बहना योजना 2023 के फार्म निःशुल्क उपलब्ध रहेंगे, जो आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के माध्यम से प्राप्त होंगे।




## अवकाश के दिनों में भी लगाए जाएंगे संपत्तिकर एवं जलकर वसूली शिविर

### महापौर ने की बकायादारों से टैक्स जमा कर शहर विकास में सहभागिता निभाने की अपील

**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 23 समाप्ति के मात्र चंद दिवस शेष होने के कारण निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये अवकाश दिवस शनिवार एवं रविवार को भी नगर निगम स्थित कंप्यूटर कक्ष व जोन कार्यालयो के अलावा परौहा मार्केट रोशन नगर तथा 12 मार्च रविवार को एनकेजे बजरिया में श्विरों का आयोजन किया जाएगा नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर के गणमान्य नागरिकों प्रबुद्धजनों से संपत्तिकर जमा कर शहर के विकास में सहभागिता निभाने की अपील की है। आयुक्त नगर पालिक निगम सत्येंद्र सिंह धाकरे ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने निर्देशित किया है।

### पाइप लाइन का होगा विस्तार

**कटनी,यशभारत।** ग्राम पहाड़ी में पी.एच.ई. विभाग व्दारा घर घर नल जल योजना की लापरवाही के संबंध में की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। निर्देश के अनुपालन में वास्तविक स्थिति की जाँच हेतु कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी के माध्यम से अवगत कराया गया कि सरपंच ग्राम पंचायत पहाड़ी द्वारा पेयजल समस्या के निराकरण हेतु लेख किया गया है। उपयंत्री द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया जिसमें ग्राम पहाड़ी में सिविल संकाय द्वारा अनुबंध में स्वीकृत पाईप लाईन एवं अन्य कार्य संविदाकार मेसर्स अंजन सेठी, दुबे कालोनी कटनी द्वारा करा दिया गया है, योजना संचालित एवं चालू है, किन्तु ग्राम के कुछ भाग में पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य किये जाने की आवश्यकता है। जिस हेतु पुनरीक्षित प्राक्कलन बनाया गया है।

## आधे गांव ने बिल भरा तो खमरिया में बदलेगा ट्रांसफार्मर

**कटनी,यशभारत।** कटनी विकासखण्ड के विगत 02 मार्च को ग्राम खमरिया भ्रमण के दौरान स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा अकुशल ट्रांसफार्मर बदलनें हेतु की गई मांग को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लिया जाकर ग्राम खमरिया 1 में नियमानुसार 50 प्रतिशत राशि ग्रामीणों द्वारा जमा किये जाने पर मामले की जॉच कर ट्रांसफार्मर लगवाने के निर्देश कार्यालय कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) म.प्र.पू.क्षे.वि.कं.लिमि. कटनी को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। जिसके संबंध में कलेक्टर कटनी के निर्देश के अनुपालन में वास्तविक स्थिति की जाँच उपरांत पाया गया कि ग्राम खमरिया में 25 के.वि.ए का 2 नंबर ट्रांसफार्मर अकुशल हो गया है। जिसपर वर्तमान में (1)25 के.वि.ए ट्रांसफार्मर पर कुल 65 नंबर उपभोक्ता है जिनमे से 56 नंबर उपभोक्ताओ पर 61149 रुपये की बकाया राशि भुगतान हेतु लंबित है। इसी तरह 25 के.वि.ए ट्रांसफार्मर अकुशल हो गया है।जिस पर वर्तमान में कुल 35 नंबर उपभोक्ता है जिनमे से 26 नंबर उपभोक्ताओ पर 114453 रुपये की बकाया राशि भुगतान हेतु लंबित है। नियमानुसार 50 प्रतिशत उपभोक्ताओ व्दारा लंबित बकाया राशि का भुगतान होते ही उक्त ट्रांसफार्मर को बदलने की कार्यवाही कर दी जावेगी।

## कटनी नदी पुल पर अवरोध बना विद्युत पोल किया शिफ्ट



**कटनी,यशभारत।** कटनी मैहर मार्ग कटनी नदी पुल के ऊपर पोल शिफ्टिंग नहीं होने से रूका एप्रोच का निर्माण की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। जिसके संबंध में कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि कटनी जिले में कटनी मैहर मार्ग कि.मी 368-2 में कटनी नदी पर नव निर्मित उच्च स्तरीय पुल के पहुच मार्ग में आने वाले बाधित केवल एक विधुत पोल म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि जिला कटनी व्दारा 5 मार्च को शिफ्ट कर दिया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा त्वरित कार्यवाही पर आम जन को आने जाने में सुगमता हुई है। जिसके लिये आम जनो ने कटनी कलेक्टर का आभार व्यक्त किया है।

## सामान्य सभा की बैठक में होगी हितग्राही मूलक योजनाओं पर चर्चा

**कटनी,यशभारत।** जिला पंचायत कटनी की सामान्य सभा की बैठक 17 मार्च दिन को समय दोपहर 12:00 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। आयोजित बैठक मे पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ -साथ सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत वर्षवार स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्य, वाऊंड्रीवाल विहीन प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं की समीक्षा की जायेगी। इसके साथ ही बैठक मे जलजीवन मिशन के अंतर्गत वर्षवार स्वीकृत, प्रगतिरत तथा पूर्ण परियोजनाओं की ग्रामवार समीक्षा, लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत जिले में कार्यरत लोक सेवकों की जानकारी एवं स्वीकृत प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा, आदिमजाति कल्याण विभाग अन्तर्गत निर्माण कार्य एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के व्दारा राशन दुकानों में भेजे गये खाद्यान एवं राशन दुकानों से वितरित किये गये खाद्यान की माह जुलाई 2022 से जनवरी 2023 तक की समीक्षा एवं राशन दुकान पर की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की जायेगी। बैठक में विद्युत विभाग की योजनाओं एवं कार्यो की समीक्षा के साथ ही 15वॉ वित्त आयोग अन्तर्गत जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव व सूची का अनुमोदन के साथ ही अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने सदस्यों को बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।




## तीर्थदर्शन योजना के लिए 225 की सूची तैयार

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार कटनी जिले अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 13 मार्च से 18 मार्च द्वारिका की तीर्थ यात्रा कराई जावेगी। इसके साथ ही द्वरिका तीर्थ स्थल के लिए 13 मार्च से 18 मार्च के लिए 225 बर्थ आवंटित किए गए है यात्रा सरइग्राम, कटनी, जबलपुर, द्वारिका, जबलपुर, कटनी, सरइग्राम होते हुए सम्पन्न होगी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत द्वारिका यात्रा हेतु जिले से जनपद पंचायत बहोरीबंद, नगर निगम कटनी, जनपद पंचायत रीठी, जनपद पंचायत कटनी, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जनपद पंचायत बड़वारा, जनपद पंचायत ढीमरखेडा के साथ ही नगर परिषद कैमोर, बरही एवं विजयराघवगढ से कुल 225 यात्रियों की सूची एवं प्रतीक्षा सूची तैयार की जा चुकी है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के दिशा निर्देश अनुसार यात्रा ट्रेन जिन-जिन स्टेशनों से प्रारंभ होगी एवं रूकेगी वहाँ तक यात्री को स्वयं अपने व्यय से आना होगा। यात्री अपने साथ आवश्यक वस्तुओं स्वयं लाना होगा। तीर्थ यात्री अपने साथ ओरीजनल आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं पूर्ण कोविड वैक्सीनेशन सर्टिफिक्रेट की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लाना होगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में किसी भी स्थिति में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति ट्रेन में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## महज 40 दिन में ही पढ़ने-लिखने लगी दिव्यांग शिवानी



**कटनी,यशभारत।** कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे इसको लेकर कलेक्टर द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, इन्ही प्रयासों के तहत गत 30 जनवरी को कलेक्टर ने शासकीय रॉबर्ट लाइन माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया गया था जहां उन्हें एक छात्रा शिवानी द्वारा अस्थि बाधित होने की वजह से स्कूल न आने की जानकारी प्राप्त हुई थी। जिस पर कलेक्टर द्वारा उसके घर अमीरगंज जाकर छात्रा शिवानी वंशकार से मुलाकात की थी। जहां उन्होंने पाया कि शिवानी कुछ भी पढ़ लिख नहीं पाती, कलेक्टर ने उसकी पढ़ाई के लिए गृह आधारित शिक्षा की व्यवस्था कराई और शिवानी को उपहार स्वरूप कुर्सी, टेबल, बैग और लिखने पढ़ने की सामग्री भेंट की थी। एमआरसी आरती डेंगरे ने शिवानी को सप्ताह में एक दिन घर जाकर पढ़ाना शुरू किया और महज डेढ़ माह में ही इसके सकारात्मक परिणाम आने शुरू हो गए हैं, छात्रा शिवानी अब अक्षरों को पहचानने और लिखने लगी है। इसी सकारात्मक परिणाम से उत्साहित होकर जिले के अन्य दिव्यांग छात्रों के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में एमआरसी की एक बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें डीपीसी सहित दिव्यांग शिक्षा से जुड़े विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रत्येक दिव्यांग के लिए अलग योजना बनाकर करें कार्य

कलेक्टर ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा को लेकर अभी व्यापक स्तर पर कार्य करने की जरूरत है, अभी इस दिशा में काफी प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, अस्थि बाधित और मानसिक दिव्यांगो सभी की शिक्षा के लिए अलग अलग कार्ययोजना बनाए जाने की जरूरत है। साथ ही इन बच्चों को शिक्षित करने वाले एमआरसी को भी प्रोत्साहित करने प्रयास करने होंगे। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों को माइल्ड, मॉडरेट और सीवियर वर्ग में वर्गीकृत कर इनकी शिक्षा के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाएं।

### शिक्षकों को चिन्हित कर करें प्रशिक्षित

उल्लेखनीय है कि जिले में अभी 3051 दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के लिए विभाग के लिए चिन्हित किया गया है। जिनमें से वर्तमान में 49 बच्चों को 6 एमआरसी के माध्यम से गृह आधारित शिक्षा दिलाई जा रही है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने इसे अपर्याप्त पाते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए शासकीय स्कूलों में अध्यापन कार्य करा रहे शिक्षकों में से विशेष शिक्षकों को चिन्हित कर उन्हें इसके लिए प्रशिक्षित किया जाए। जिससे इस दिशा में प्रभावी कार्य हो सके। साथ ही गंभीर रूप से दिव्यांग की श्रेणी में आने वाले बच्चों को शिक्षा के साथ साथ कुछ अन्य कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि एमएआरसी के संविदा के नवीनीकरण के लिए सिर्फ उपस्थिति ही नहीं बल्कि परीक्षा परिणाम को भी आधार बनाया जाए।

### जनशिक्षकों और प्रधानाध्यापकों को भी करने होंगे प्रयास

लर्निंग डिसेबिलिटी से संबंधित विद्यार्थियों को शिक्षित करने के संबंध में कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि इसके लिए एमआरसी बस पर निर्भर न रहते हुए इनको शिक्षित करने के लिए जनशिक्षकों और प्रधानाध्यापकों को प्रयास करने होंगे।

### समाजसेवियों से भी की अपील

दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए मध्यप्रदेश शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा जहां एक और सतत प्रयास किए जा रहे हैं वहीं इन प्रयासों को और अधिक गति एवम् व्यापकता प्रदान करने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के समाजसेवियों से भी आगे आने अपील की है।

## वाहनों की चौकिंग का चला सघन अभियान



**कटनी,यशभारत।** कैमोर क्षेत्र में हादसे के बाद भी नही चेते, लोडर से मजदूरों को ढोने संबंधी जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जिला कटनी को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। निर्देश के अनुपालन में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जिला कटनी द्वारा वास्तविक स्थिति की जाँच हेतु कैमौर क्षेत्र में कार्यालयीन अमले के साथ समस्त वाहनों की चौकिंग का सघन अभियान चलाया गया। चौंकिंग के दौरान अनियमित रूप से संचालित पाये जाने पर वाहन क्र.एचपी 69-0896 से 2000 रूपये ट्रक वाहन क्र.एमपी 21जी-0582 से 5000 रूपये, ट्रक वाहन क्र.एमपी 19जीए-2022 से 1000 रूपये, ट्रक वाहन क्र.एमपी 21 एच-0599 बकाया टैक्स जो जमा कराया गया रू. 250000 रूपये सहित अन्य वाहनों से को अनियमित रूप से संचालित पाये जाने पर जुर्मानें की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सवारी बस तथा वाहनों की चौकिंग अभियान के समय मालवाहक में सवारी ढोते हुये कोई भी वाहन चौकिंग के दौरान नहीं पाया गया।

## समर कैंप में बच्चों की प्रस्तुति ने मन मोहा



**कटनी,यशभारत।** सनशाइन एकेडमी राहुल बाग में समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने अति उत्साहित होकर भाग लिया। बच्चों ने बहुत खुशी से समर कैंप का पहला दिन का मजा लिया व मनोरंजन भी किया। बताया गया कि समर कैंप में कई तरह की एक्टिविटीज होती हैं, जिससे बच्चों का हिडेन टैलेंट सामने आता है। समर कैंप में दोस्तों संग मौज-मस्ती करने का मौका मिलता हैए ये एक जरिया है जिससे बच्चे पढ़ाई से हटकर कुछ अलग करते और करने की कोशिश भी करते हैं। खेल-खेल में बच्चों को चीजे कैसे करते हैं और क्या क्या वो नया तरीका बना सकते हैं ये सब सीखते हैं। समर कैंप में इंडोर गेम और आउटडोर गेम बच्चों के अंदर कॉन्फिडेंस पैदा करता है। बच्चा मां-बाप को तलाशना कम कर देता है। ऐसे में पेरेंट्स भी टेंशन फ्री हो कर काम कर लेते हैं। जिस सब्जेक्ट में इंटरेस्ट नहीं होता उसमें भी संगी-साथियों को देख कर बच्चा इंटरेस्ट लेना शुरू कर देता है। बच्चे के अंदर का हेजिटेशन हिचक कम होता है। समर कैंप उन बच्चों के लिए फायदेमंद साबित होता है, जो स्कूल जाने में हिचकिचाते हैं। शिक्षकों ने बच्चों का मार्गदर्शन दिया और उन अपना आशीर्वाद दिया श्रीमती जूही जैन उपस्थिति बनी रही।

## कॉलेज चलो अभियान की शुरुआत



**कटनी,यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ जिला कटनी में सत्र 2023-24 के लिए कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है महाविद्यालय की ओर से धीरज डिकोनिया एवं ओमकार जयसवाल ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ पहुंचकर कॉलेज चलो अभियान की शुरुआत की जिसके तहत विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के साथ प्रवेश के दौरान होने वाली विभिन्न परेशानियों एवं उस समय किन सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के अगले चरण में महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं शासन द्वारा संचालित गांव की बेटी, मुख्यमंत्री मेधावी जैसी प्रोत्साहन एवं अन्य छात्रवृति योजनाओं जैसे संभल, आवास, एससीएसटी ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक के साथ-साथ संचालित अन्य योजनाओं से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों से विद्यार्थी को अवगत कराया तथा उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉ सुमन पुरवार ने बताया कि इसी प्रकार से महाविद्यालय स्टाफ के अन्य सदस्यों को भी अलग-अलग विद्यालय आवंटित किए गए हैं जहां जाकर सभी विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के साथ विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करेंगे।

## बड़वारा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



कटनी,यशभारत। नेहरू युवा केंद्र कटनी के तत्वधान में ब्लॉक बड़वारा के शासकीय अनुसूचित जनजाति छात्रावास बड़वारा परिसर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस। जिसमें मुख्य अतिथि बिजेंद्र तिवारी, माधुरी सिंह, रेणुका सिंह छात्रावास अधीक्षक इत्यादि उपस्थिति रही, एवम अतिथि श्रीमती पंचू बाई, श्रीमती कुंजी बाई, श्रीमती रानी बाई कुशवाहा, श्रीमती नीता बाई कोल आदि की उपस्थिति रही। महिला दिवस के उपलक्ष पर महिलाओं का विशेष सम्मान उपहार पुष्प गुच्छ से किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक नरेंद्र कुमार कुशवाहा की अगुवाई में आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित युवा, अमन कुशवाहा, भागवती कुशवाहा, सीमा सिंह, पूनम सिंह समेत इत्यादि युवाओं की उपस्थिति रही।

## रीठी के ग्राम देवगांव में सुचारू हुई पेयजल आपूर्ति



**कटनी,यशभारत।** विकासखण्ड रीठी के ग्राम देवगाँव में एक बाल्टी पानी के लिये दिनभर की मशक्कत की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। निर्देश के अनुपालन में वास्तविक स्थिति की जाँच एवं शिकायत के निराकरण सहायक यंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड कटनी व्दारा स्थल निरीक्षण कर विकासखण्ड रीठी के ग्राम देवगाँव में मोटर पंप खराब होने के कारण योजना बंद थी, जिसे 06 मार्च को सुधार कर नल जल योजना सुचारु रूप से चालू कर दी गई है। ग्राम देवगॉव निवासियों को पानी के लिये दिनभर भटकना नही पड रहा हैं एवं पानी सुचारू रूप से मिल रहा है सभी ग्रामवासियों ने कटनी कलेक्टर श्री अवि प्रसाद का अभार व्यक्त किया है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट, स्कोर 348/4

**अहमदाबाद, एजेंसी। अहमदाबाद में चल रहे भारत-ऑस्ट्रेलिया चौथे टेस्ट के चौथे दिन टीम इंडिया ने पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 348 रन बना लिए हैं। विराट कोहली (82 रन) और श्रीकर भरत (21 रन) क्रीज पर हैं। श्रेयस अय्यर की पीठ के निचले हिस्से में दर्द है। उन्हें स्कैन के लिए भेजा गया है।**

इस कारण, भरत को अय्यर की जगह भेजा गया है। रवींद्र जडेजा 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टॉड मर्फी ने उस्मान ख्वाजा के हाथों कैच कराया। जडेजा ने कोहली के साथ 170 बॉल पर 64 रन की साझेदारी की। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को भारत ने 289/3 से पारी को आगे बढ़ाया। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 480 रन बनाए।

## 39 महीने बाद आ सकता है शतक

कोहली के बैट से 8 मैच, 15 पारी और 14 महीनों बाद टेस्ट में फिफ्टी आई है। इससे पहले उन्होंने 11 जनवरी 2022 को साउथ अफ्रीका में फिफ्टी लगाई थी। कोहली अभी नाबाद हैं, अगर वे शतक लगाते हैं तो टेस्ट में 1205 दिन और 39 महीने बाद उनका टेस्ट शतक होगा। उन्होंने 23 नवंबर 2019 को आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 27वां टेस्ट शतक लगाया था। ऐसे में अगर चौथे दिन वे शतक लगाते हैं तो टेस्ट में 3 साल 3 महीने और 2 सप्ताह बाद उनके बैट से टेस्ट शतक लगेगा।




## गिल का 3 महीने में 5वां इंटरनेशनल शतक, रोहित के 17 हजार रन पूरे

तीसरे दिन टीम इंडिया पूरी तरह हावी रही। ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 480 रन के जवाब में टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 289 रन बनाए। शुभमन गिल (128 रन) ने टेस्ट करियर का दूसरा और भारत में अपना पहला टेस्ट शतक लगाया। गिल ने इस साल 5वां इंटरनेशनल शतक जमाया है।शतकवीर शुभमन गिल ने टॉप ऑर्डर पर तीन अर्धशतकीय साझेदारियां की। उन्होंने रोहित के साथ 74 रन, चेतेश्वर पुजारा के साथ 113 रन और कोहली के साथ मिलकर 58 रन की साझेदारी की। गिल के अलावा, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के इंटरनेशनल क्रिकेट में 17 हजार रन पूरे हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बनें। वहीं, विराट कोहली ने 8 मैच, 15 पारी और 14 महीनों बाद टेस्ट में फिफ्टी जमाई।

# भोला में त्रिशूल के साथ लड़ते दिखाई देंगे अजय

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



फिल्म भोला में बालीवुड अभिनेता अजय देवगन त्रिशूल के साथ लड़ते दिखाई देंगे। बॉलीवुड स्टार और फिल्म निर्माता अजय देवगन का कहना है कि उन्हें शूटिंग में एक संवेदनशीलता बनाए रखनी थी और इसे एक जिम्मेदारी बताया। हिंदू पौराणिक कथाओं में भगवान शिव द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार त्रिशूल के साथ अपने फाइट सीक्वेंस के बारे में बात करते हुए अजय ने कहा- मुझे लगता है कि यह बहुत दिलचस्प था। यह थोड़ा मुश्किल था, लेकिन नया था। हमें इसे डिजाइन करना, निष्पादित करना और प्रदर्शन करना था। एक संवेदनशीलता बनाए रखनी थी और एक जिम्मेदारी थी क्योंकि मेरे हाथ में त्रिशूल था। भोला 30 मार्च को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म में दीपक डोबरियाल, संजय मिश्रा और गजराज राव भी हैं।भोला तमिल फिल्म कैथिया की रीमेक है, जो 2019 में रिलीज हुई थी। अजय ने फिल्म का निर्देशन किया है और इसमें अभिनय भी कर रहे हैं। फिल्म में तब्बू भी हैं।

# न्यूड होकर फोटोशूट करवाया विद्या बालन ने

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन न्यूड होकर फोटोशूट करवाया है, जो इंटरनेट पर बवाल मचा रहा है। एक्ट्रेस का ऐसा लुक देखकर फैंस के होश उड़ रहे हैं। तस्वीर में देखा जा सकता है कि विद्या बिना कपड़ों के नजर आ रही है और अखबार से अपने बदन को छिपाया है। न्यूड होकर चेयर पर बैठीं एक्ट्रेस ने अपने हाथ में चाय का कपल पकड़ा हुआ है और कैमरे के लिए कातिलाना पोज दे रही हैं। विद्या बालन ने यह फोटोशूट फेमस सेलिब्रिटी फोटोग्राफर डब्बू रतनानी के लिए करवाया है। इस तस्वीर में विद्या हॉटनेस का पारा बढ़ा रही हैं। फैंस भी उनकी इस फोटो को देख मदहोश हो रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। बता दें, विद्या बालन ने अपने करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है। एक्ट्रेस भले ही इन दिनों फिल्मों में एक्टिव न हो, लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने पोस्ट के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन फिल्मों में अपनी बोल्ड और हॉट सीन्स देने के लिए काफी मशहूर हैं। फैंस उनकी हॉटनेस के हद से परे दीवाने हैं।

# प्रियंका और अंकित की जोड़ी सुर्खियों में

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



बिग बॉस 16 के कंटेस्टेंट प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमे प्रियंका और अंकित रोमांटिक पोज देते नज़र आ रहे हैं। वीडियो में प्रियंका-अंकित एक दूसरे का हाथ थामें रोमांटिक अंदाज में पोज देते नज़र आ रहे हैं। इस दौरान दोनों व्हाइट आउटफिट में दिखे। इस वीडियो पर फैंस काफी प्यार लुटा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आप दोनों को नजर ना लगे' वहीं दूसरे ने लिखा, 'रब ने बना दी जोड़ी।' प्रियंका चहर चौधरी और अंकित गुप्ता जल्द ही एक म्यूजिक वीडियो में एक साथ नजर आने वाले हैं। बीते सोमवार को दोनों ने अपने म्यूजिक वीडियो का फर्स्ट पोस्टर शेयर भी किया है। पोस्टर में अंकिता और प्रियंका एक बेंच पर बैठे नज़र आ रहे हैं। इस म्यूजिक वीडियो की बात करें तो गाने का नाम कुछ इतने हसीन है। इसे यास्सेर देसाई ने गाया है और रजत नागपाल ने इसका म्यूजिक दिया है। 8 मार्च यानी होली पर इस गाने का टीजर जारी किया जाएगा।

# ग्रोसेरी स्टोर पर स्पॉट किया गया किम को

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस किम कार्दशियन को एक ग्रोसेरी स्टोर पर स्पॉट किया गया है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में किम कार्दशियन ग्रे टॉप और जींस में नजर आ रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने हील पहनी हुई है। मिनिमल मेकअप और चोटी से किम ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। इस लुक में एक्ट्रेस हॉट लग रही है। किम एक्टर जेम्स कॉर्डन के साथ मस्ती करती हुई दिखाई दे रही है। फैंस इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। बता दें किम कार्दशियन सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है। एक्ट्रेस फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती है, जिन्हें फैंस खूब प्यार भी देते हैं। बता दें कि हॉलीवुड एक्ट्रेस किम कार्दशियन अपने लुक्स को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती है। फैंस एक्ट्रेस की खूबसूरती के दीवाने हैं।

# काले रंग के कारण थिएटर-होटल में नो-एंट्री

## ऑस्कर विनर हैटी को गोरों के साथ बैठना भी मना था, 4 शादियां कीं लेकिन मां नहीं बन पाई

**मुंबई, एजेंसी।** सोमवार को सुबह 5.30 बजे ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी होगी। फिल्मी दुनिया के लिए ऑस्कर से बड़ा कोई अवॉर्ड नहीं है। आज हम आपके लिए एक ऐसी ऑस्कर विनर एक्ट्रेस की कहानी लेकर आए हैं, जिसने हॉलीवुड फिल्मों का नक्शा बदलने की शुरुआत की। इस एक्ट्रेस का नाम था हैटी मैक्डेनियल। हैटी ब्लैक यानी अश्वेत थीं। 1930-40 का दौर था, जब दुनिया में अश्वेतों के साथ भेदभाव किया जाता था। हॉलीवुड फिल्मों में ब्लैक एक्टर्स को सिर्फ नौकरों का ही रोल मिलता था। ना सेट पर कोई सुविधा और ना ही उतना पैसा जितना गोरे कलाकारों को मिलता था। यहां तक कि कपड़े बदलने के लिए भी कोई अलग ड्रेसिंग रूम नहीं होता था। उस दौर में हैटी ने अपना फिल्मी सफर शुरू किया। नौकरों के ही रोल मिले लेकिन उनमें भी जान डाल दी। नतीजा, 1939 में आई हॉलीवुड की लैंडमार्क रोमांटिक फिल्म गॉन विथ द विंड में नौकरानी के रोल के लिए ही हैटी को



बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का ऑस्कर अवॉर्ड मिला। इतिहास में पहली ब्लैक कलाकार थी, जिसे ये सम्मान मिला। हैटी ने अपने जीवन में काफी संघर्ष किया। पिता युद्ध में हारे हुए गुलाम थे। मजदूरी करके घर चलाते थे। हैटी जब पैदा हुई तो वो कुपोषित थीं, क्योंकि घर की इतनी कमाई भी नहीं थी कि पेटभर खाना मिल सके। क्लब में नौकरी की, तो वहां वॉशरूम अटेंडर का काम मिला। फिल्मों में आई तो काले रंग के कारण इतना भेदभाव झेलना पड़ा कि जिस फिल्म में इन्होंने काम किया, उसके प्रीमियर में भी उन्हें नहीं जाने दिया गया क्योंकि उस थिएटर में अश्वेतों का आना मना था। हैटी ने 4 शादियां कीं, चारों नाकाम रहीं। एक बार प्रेग्नेंट हुई लेकिन मिसकरैज के कारण मां नहीं बन पाई। पैदा होने से शुरू हुआ काले-गोरे का भेद 1952 में हैटी की मौत तक जारी रहा। उनकी आखिरी इच्छा थी कि उन्हें उस कब्रिस्तान में दफनाया जाए जहां गोरे एक्टर्स को दफनाया जाता है, लेकिन इस ख्वाहिश से ही गोरों की भौंहें तन गई। उन्हें गोरे लोगों के उस कब्रिस्तान तक में जगह नहीं मिली। उनकी मौत के बाद उनका वो ऑस्कर अवॉर्ड भी रहस्यमयी तरीके से चोरी हो गया क्योंकि कई गोरे लोगों को उनका ये अवॉर्ड जीतना रास नहीं आया था।

# नगर की शूटर नव्या गुप्ता ने जीता कांस्य पदक



**जबलपुर, यशभारत।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा करणी सिंह शूटिंग रेंज , नई दिल्ली में आयोजित की गयी 011 इंडिया ओपन कम्पटीशन (राइफल/पिस्टल) 2023 में जबलपुर के राइफल शूटर नव्या गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल सब यूथ वीमेन केटेगरी में 605.6 का स्कोर अर्जित कर कांस्य पदक जीता। नव्या दिल्ली पब्लिक स्कूल (मंडला रोड) में कक्षा 8 वीं की छात्रा हैं। नव्या ने 2 वर्ष पूर्व अपनी शूटिंग स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग शुरू की थी, उनके पिता श्री भूपेंद्र गुप्ता ने नव्या को प्रेरित करने के लिए उसके साथ स्वयं भी शूटिंग स्पोर्ट की ट्रेनिंग ली तथा आज वे एक राज्य स्तरीय पिस्टल शूटर हैं। विदित हो की नव्या गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर में अंतराष्ट्रीय कोच श्री निशांत नथवानी एवं सहायक कोच श्री शक्ति चक्रवर्ती से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हैं।

# हॉकी इंडिया शुरु करेगा ड्रैग फ्लिक और गोलकीपिंग का विशेष कार्यक्रम

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हॉकी इंडिया इस महीने 19 मार्च से उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए एक विशेष अभ्यास कायक्रम शुरु करेगी। इसमें अंडर-16 वर्ग के लड़कों और लड़कियों को ड्रैग फ्लिक और गोलकीपिंग के गुर सिखाये जाएंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि युवा प्रतिभागों के बेहतर विकास के लिए शुरु किये जा रहे इस कार्यक्रम में पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह, वीआर रघुनाथ और बीरेंद्र लाकड़ा प्रशिक्षण देंगे। टिर्की ने हॉकी इंडिया के जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रम की वर्चुअल शुरुआत करते हुए कहा, ''ड्रैग फ्लिक और गोलकीपिंग आज विश्व हॉकी में सबसे अहम स्थान रखते हैं पर अभी भी देश में युवा खिलाड़ियों को इन दो क्षेत्रों में पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं मिला पा रहा था। उसी को देखते हुए हम अंडर-16 लड़कों और लड़कियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में इन दोनो पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा,'' अब हम अंडर-16 और अंडर-19 खिलाड़ियों को ड्रैग फ्लिक और गोलकीपिंग का विशेष प्रशिक्षण दिलाएंगे।

# सतीश कौशिक की होली-पार्टी वाले फार्म हाउस से मिलीं दवाइयां

## फार्म हाउस का मालिक फरार, फंक्शन में शामिल मेहमानों की लिस्ट भी खंगाली जा रही

**मुंबई, एजेंसी।** एक्टर-डायरेक्टर सतीश कौशिक की मौत की जांच कर रही पुलिस शनिवार को दिल्ली के फार्म हाउस पहुंची। कौशिक मौत से एक दिन पहले यहीं होली पार्टी में शामिल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस को फार्म हाउस की तलाशी में कुछ दवाइयां मिली हैं। पुलिस फार्म हाउस के मालिक से पूछताछ करना चाहती थी, लेकिन वह फरार है। सतीश कौशिक का बुधवार रात 1~30 बजे दिल्ली में अचानक निधन हो गया था। वे 66 साल के थे। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, सतीश कौशिक की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हुई है। इसीलिए उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। इसकी डिटेल्ड रिपोर्ट अभी सामने नहीं आई है। हालांकि, शुरुआती पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट बताई गई थी।



### फार्म हाउस का मालिक भी एक केस में वॉन्टेड

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, होली की पार्टी एक उद्योगपति के फार्म हाउस में आयोजित की गई थी। यह उद्योगपति पार्टी में मौजूद था और खुद भी एक मामले में वॉटेंड है। पुलिस इससे सवाल-जवाब करने पहुंची थी, लेकिन वह नहीं मिला। उसकी तलाश की जा रही है। इसके अलावा, पुलिस पार्टी में शामिल हुए गेस्ट्स की लिस्ट की जांच भी कर रही है।

### पुलिस को अस्पताल से मिली थी मौत की खबर

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि सतीश के निधन की खबर अस्पताल से मिली थी। पुलिस का कहना है कि कौशिक की तबीयत बिग?ने से अस्पताल तक पहुंचने के वक्त उनके साथ-साथ कौन था, उनके साथ क्या हुआ? इसकी जांच की जा रही है। इन लोगों से पूछताछ की जाएगी। मौत की सही वजह जानने के पुलिस को विसरा रिपोर्ट का भी इंतजार है।

### हरियाणा में जन्मे थे सतीश, दिल्ली से स्कूली पढ़ाई की

सतीश कौशिक का जन्म 13 अप्रैल 1956 को हरियाणा के महेंद्रग? में हुआ था। स्कूली पढ़ाई दिल्ली में हुई थी। किरोड़ीमल कॉलेज से ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में एडमिशन लिया था। 1985 में उन्होंने शशि कौशिक से शादी की थी। 2 साल की उम्र में उनके बेटे का निधन हो गया था।

# मेजबान जबलपुर हॉकी में सिरमौर



**जबलपुर, यशभारत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन रानीताल स्पोर्ट्स कंपलेक्स में किया गया। जिसमें मेजबान जबलपुर विजेता रही और होशंगाबाद दूसरे स्थान पर रही प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सुरेश मेहता अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, अध्यक्षता न्यूटन डेनियल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी द्वारा टीमों से परिचय कर प्रारंभ किया गया । इस प्रतियोगिताओं में बालिकाओं की 5 टीमों ने भाग लिया जिसमें जबलपुर सिवनी ,उमरिया ,होशंगाबाद ,दमोह की टीमों ने राउंड रोबिन आधार पर खेला, यह प्रतियोगिता हॉकी एमपी एसोसिएशन की देखरेख में रानीताल हॉकी टर्फ ग्राउंड पर खेली गई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा दस का दम के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन 10 से 25 मार्च 2023 तक किया जाना सुनिश्चित किया है, उसी कड़ी में यह प्रतियोगिता खेली गई । मैच समापन के बाद आभार प्रदर्शन एमपी हॉकी के जनरल सेक्रेटरी लोक बहादुर द्वारा किया गया इस प्रतियोगिता में नगर के वरिष्ठ खिलाड़ी अरुण कुमार यादव, आर एस महरोलिया ,डीएस भारती ,आलोक बोस, इमरान खान प्रवीण यादव ,सुशील दास, शिवदास वर्मा आदि उपस्थित रहे एवं खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की ढेर सारी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

**व्यक्तिगत पुरस्कार** | **अंतर विद्युत कंपनी खेल प्रतियोगिता की ओवर ऑल**

# चैम्पियनशिप पावर जनरेटिंग कंपनी ने जीती

**जबलपुर, यशभारत।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्युत कंपनी खेल प्रतियोगिता की ओवर ऑल चैम्पियनशिप मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने जीत ली। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी को आठ स्पर्धाओं में कुल 13 अंक मिले। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी 11 अंक ले कर उपविजेता बना। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने विजेता, उपविजेता टीमों के साथ व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन और केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता आरके खंडेलवाल सहित कार्मिक व खिलाड़ी उपस्थित थे। सिक्स ए साइड फुटबाल स्पर्धा में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 1-0 गोल से



पराजित कर फाइनल मैच जीता। विजयी गोल केटी चौधरी ने किया। टेबल टेनिस स्पर्धा में पावर ट्रांसमिशन कंपनी बना विजेता-टेबल टेनिस के पुरूष वर्ग के फाइनल में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की टीम पावर जनरेटिंग कंपनी को 3-1 से पराजित कर विजेता बनी। पावर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से तबरेज़ चौधरी, सुमंत मिश्रा ने मैच जीते जबकि? पावर जनरेटिंग कंपनी की ओर से एकमात्र मैच जीतने वाले ख?लाड़ी हितेश परमार रहे। महिला वर्ग में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने पावर जनरेटिंग को 3-0 से पराजित कर विजेता बनी। पावर मैनेजमेंट कंपनी की ओर से डा. सरिता बदलानी व रीतू पटेल ने अपने मैच जीते। कैरम में पावर जनरेटिंग कंपनी ने पुरूष व महिला वर्ग में जीता ख?ताब-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने कैरम में पुरूष व महिला वर्ग में विजेता बनने का गौरव पाया। पावर जनरेटिंग कंपनी ने पुरूष वर्ग में पावर ट्रांसमिशन कंपनी और महिला वर्ग में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी को पराजित किया। पावर जनरेटिंग कंपनी की ओर से पुरूष वर्ग में प्रमोद गढ़पाले, रामनाथ घोघरे, राजेश कोरी, हरीश नायक व संदीप पाटिल और महिला वर्ग में ओमना जेवियर, मनीषा झारिया, नीलू यादव व सुनीता भलावी ने प्रतिनिधित्व किया। शतरंज स्पर्धा में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी साढ़े पांच अंक अर्जित कर विजेता बनी वहीं पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पांच अंक प्राप्त कर उपविजेता रही। महिला वर्ग में विजेता पावर जनरेटिंग कंपनी व उपविजेता पावर मैनेजमेंट कंपनी की टीम रही। बैडमिंटन के पुरूष वर्ग का ख?ताब पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने जीता व उपविजेता पूर्व क्षेत्र कंपनी की टीम रही। महिला वर्ग में पावर ट्रांसमिशन विजेता व उपविजेता पावर जनरेटिंग कंपनी की टीम रही। वालीबॉल स्पर्धा में पुरूष वर्ग में पावर जनरेटिंग कंपनी विजेता व उपविजेता एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की टीम रही। टग ऑफ वार-रस्साकसी स्पर्धा में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी विजेता व पावर ट्रांसमिशन कंपनी उपविजेता रही। हॉकी स्पर्धा के फाइनल मैच में पूर्व क्षेत्र कंपनी ने पावर ट्रांसमिशन कंपनी को पराजित किया।





# मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद भी मीटिंग में नहीं पहुंचे अधिकारी

## 1800 करोड़ के प्रोजेक्ट में अमेहटा के 6 मजदूरों को भी नही मिल रहा काम, जिला प्रशासन विधानसभा में शासन के दिए निर्देश को मानने तैयार नही, अवमानना का मामला

## रोजगार, किसानों की जमीनों पर अवैध खनन बंद करने, पेयजल उपलब्धता, स्थानीय ठेकेदार को काम, खुले वैगन में लाई व स्टोर की जा रही फ्लाई ऐश के मुद्दे के हल के लिए दिया पांच दिन का समय

**कटनी,यशभारत। 1800 करोड़ का अमेहटा प्रोजेक्ट में क्षेत्र के 6 मजदूरों को भी काम नही मिल रहा है। इन्ही मुद्दों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों, एसीसी तथा जनप्रतिनिधियों की बैठक होनी थी मगर इस पर भी प्रशासन का गैर जिम्मेदार रुख रहा। यह जिला प्रशासन की विधानसभा की अवमानना कहें तो अतिश्योक्ति नहीं। मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद भी एसीसी मीटिंग हाल में अधिकारी नहीं पहुंचे। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक ने रोजगार, किसानों की जमीनों पर अवैध कब्जा व खनन बंद करने, पेयजल उपलब्धता, स्थानीय कांट्रेक्टर को काम, खुले वैगन में लाई गई व स्टोर की जा रही फ्लाई ऐश के मुद्दे के हल के लिए दिया पांच दिन का समय दिया। श्री पाठक ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि 5 दिन में प्रबंधन प्रशासन हल नहीं खोजता तो जनता के हित की खातिर फैसला लिया जाएगा।**

दरअसल पिछले दिनों विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक संजय पाठक ने विजयराघवगढ़ विधानसभा में एसीसी कंपनी कैमोर, अमेहटा एवं सेल इंडिया गैरतलाई के द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता न दिए जाने व बड़ी संख्या में किसानों की जमीन को बिना अधिग्रहण किए सालों से कब्जा कर बहुमूल्य खनिज का दोहन किए जाने का मुद्दा उठाया था जिस पर सदन में मप्र विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम एवं मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को एसीसी प्रबंधन द्वारा दिए स्थानीय लोगों को प्लांट में 75 प्रतिशत से अधिक स्थानीय श्रमिकों को रोजगार सुनिश्चित करने किसानों जमीनों पर अवैध खनन जैसे विषयों पर अमेहटा एवं कूटेश्वर जाकर जांच कर कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट देने को कहा था पर जिला प्रशासन ने विधानसभा की अवमानना करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक कर फारमेल्टी कर ली। दूसरी ओर विधायक संजय पाठक एसीसी के अमेहटा के मीटिंग हॉल में पहुंचकर स्थानीय लोगों से सभी विषयों पर संवाद करते रहें बाद में उन्होंने सभी के साथ एसीसी के कैमोर अमेहटा के मैनेजमेंट से चर्चा करते हुए स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत रोजगार देने, किसानों की 200 एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर अवैध कब्जा कर खनन करने, स्थानीय लोगों को पेयजल आपूर्ति करने, प्लांट में खुले वैगन में फ्लाई ऐश लाई जा रही है एवं कैमोर में स्टोर की जा रही हैं जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है कैंसर जैसी बीमारी का कारण बनती है, बाहरी ठेकेदारों द्वारा स्थानीय मजदूरों, सप्लायर, मशीन वालों के 3 करोड़ रुपयों के गबन करने पर कंपनी द्वारा भुगतान कराने जैसे 37 मुद्दों पर मांगपत्र बनाकर एसीसी मैनेजमेंट सौंपा है। इन सभी मुद्दों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एसीसी के अधिकारियों के साथ समिति बनाकर अगले 5 दिनों में हल करने का आग्रह किया है। इस अवसर पर विधायक संजय पाठक ने कहा हमारे यहां के लोगों बने एसीसी कंपनी को हमेशा सम्मान दिया है उनका सहयोग किया पर आज कई विषय सबके बीच है जिनका हल नहीं निकलता पर 16 तारीख तक यदि इन सभी मुद्दों पर एसीसी मैनेजमेंट यदि सम्मान जनक कार्यवाही नहीं करता तो आगे बेरोजगार युवा, क्षेत्र की जनता जो कहेंगी उसके सभी को तैयार रहना चाहिए, जनता के हितों के लिए पिछले एक साल से अधिक समय से इन सभी मुद्दों पर लगातार एसीसी मैनेजमेंट के बीच रखा गया है जब कोई हल नहीं निकला तब विधानसभा में इन सभी विषयों को उठाया गया था जिस पर विधानसभा अध्यक्ष एवं विभागीय मंत्री द्वारा अधिकारियों द्वारा प्रोजेक्ट स्थल पर लाकर स्थानीय लोगों से मिल कंपनी के संवाद करते हुए सभी विषयों को हल करने के निर्देश दिए थे इसी विषयों को लेकर आज क्षेत्रीय जनों के साथ संवाद करते हुए एसीसी मैनेजमेंट को अपना मांग पत्र सौंपा है मैनेजमेंट से चर्चा के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को एक समिति बनाई गई हैं जो अगले पांच दिनों में चर्चा कर हल का प्रयास करेगी। उन्होंने आगे बताया कि पिछले वर्ष हमने किसानों को सिंचाई के लिए एसीसी की बंद पड़ी खदानों से पानी लेकर खेतों तक पहुंचाने के लिए 70 करोड़ की कलेहरा लिफ्ट एरीकेशन स्कीम को बनाया था प्रोजेक्ट के प्रारंभ में एसीसी ने अपनी सहमति दे दी थी पर बाद में एसीसी ने सहमति देने से मना कर दिया है यदि यह योजना चालू हो गई होती तो हजारों एकड़ जमीन सिंचित हो जाती। एसीसी कंपनी ने ग्राम बराड़ी में खसरा नंबर 18-20 किसानों की जमीन पर बिना लीज स्वीकृति कराए अवैध खनन करते हुए 30 लाख टन चूना पत्थर निकाल लिया है शासन को इस पर कार्यवाही करना चाहिए। इस अवसर पर एसीसी मैनेजमेंट से कैमोर प्लांट हेड वैभव दीक्षितएअमेहटा प्रोजेक्ट से मनोज शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई अन्य अधिकारीए जनपद अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह, विजयराघवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष वसुधा मिश्रा, कैमोर नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा शर्मा मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, अंकुर गौवर, अजय पप्पू शर्मा, संतोष केवट के अलावा आसपास के ग्रामों के सरपंच के साथ अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आपसी विवाद व मारपीट के कई मामले दर्ज

### होली पर्व के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्र में कई वारदातें

**कटनी, यशभारत।** होली पर्व के दौरान जिले भर में कई जगह विवाद की स्थिति सामने आई। आपसी व पुरानी रंजिश को लेकर कई जगह विवाद, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने संबंधी वारदातें घटित हुई हैं। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र की पुलिस ने शिकायत पर मामले दर्ज किए हैं। माधवनगर थाना क्षेत्र के झिंझरी में पंकज रजक के साथ मुन्ना सिंह, अजय सिंह, अरुना सिंह, आरती सिंह, रुबी सिंह ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। ग्राम पडुआ में कल्पना चौधरी के साथ रमेश वंशकार, नन्दू वंशकार ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। कुठला थाना क्षेत्र के पहरुआ में अरूण पटेल के साथ विन्नी चौधरी, अरविन्द चौधरी, मामू चौधरी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा चौक में संतोष पटेल बड़ी खिरहनी के साथ देव पटेल ने मारपीट की है। इसी प्रकार एनकेजे थाना क्षेत्र में ही मोहित रजक शाहपुर के साथ वीरू पांडेय, कान्हा, निशांत समदड़िया, सचिन सेन ने मारपीट कर चोट पहुंचाई है। वहीं वीरू पांडेय की शिकायत पर पुलिस ने मोहित रजक, बिल्ला रजक, दीपक रजक, सिप्पू रजक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम टोला में दिलीप कोल के साथ अशोक कोल निवासी ग्राम टोला के साथ मारपीट की गई है। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दशरमन में शंकर लोधी के साथ बेडीलाल लोधी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर अपराध कायम कर मामलों को जांच लिया है।



### महिलाओं के साथ भी हुई मारपीट

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम देहरी में अंजो बाई पति नारायण मरावरी के साथ भगत सिंह एवं उसकी पत्नी ने ग्राम देहरी में जान से मारने की धमकी दी है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रजरवारा नंबर 2 में भरत उर्फ बाबूलाल बर्मन के साथ जित्तू ठाकुर निवासी सलैया पहरहाई ने मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। ग्राम बरहटी में कल्लू चौधरी के साथ राहुल चौधरी ने मारपीट कर धमकी दी है। कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम खिरवाखुर्द में शुभम पटेल के साथ रंजीस कोल ने मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। बरही थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा में आशा बाई के साथ दुवसिया केवट, दीवाली केवट के मारपीट कर चोट पहुंचाई है व जान से मारने की धमकी दी है। मनोज अग्रवाल निवासी बरही के साथ प्रमोद जायसवाल ने मारपीट कर चोट पहुंचाई है। वहीं प्रहलाद जायसवाल की शिकायत पर मनोज अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भजिया में दल्लू राम यादव निवासी भजिया के साथ मन्नू यादव, बउआ यादव, सुधीर यादव सभी निवासी भजिया ने मारपीट कर चोट पहुंचाई है। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर अपराध कायम कर मामलों को जांच लिया है।

# पत्नी ने घर छोड़ा तो क्षुब्ध होकर पति ने किया विषपान

### हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत कैलवारा में रहने वाले एक युवक ने पत्नी के घर छोड़कर चले जाने से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ पी लिया है। गंभीर हालत में युवक का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। परिजनों ने बताया कि छुटपुट विवाद के चलते होली के पहले पत्नी घर से चली गई लेकिन अब तक नहीं लौटी। जिसके कारण क्षुब्ध होकर पति ने जहर पी लिया है। उधर बरही थाना अंतर्गत ग्राम खितौली में विषपान से गंभीर एक 40 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक ग्राम खितौली निवासी 40 वर्षीय मुकेश पिता रघुनंदन केवट गतदिवस अज्ञात कारणोंवश अत्यधिक मात्रा में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# सड़क दुर्घटना में महिला सहित दो की मौत

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत घटित अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लाल बहादुर शास्त्री वार्ड निवासी 55 वर्षीय रामबाई पति शिवलाल पटेल की सड़क दुर्घटना के कारण आई चोटों के कारण मौत हो गई। इसी प्रकार ग्राम पिपरिया निवासी 26 वर्षीय प्रहलाद सिंह पिता रामखिलावन सिंह की भी हादसे में आई चोट के कारण मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# सीढ़ियों से गिरकर युवक गंभीर

**कटनी, यशभारत।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत भट्ठा मोहल्ला क्षेत्र में एक 35 वर्षीय युवक सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गया। युवक का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भट्टा मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय भागवत पिता चन्नी लाल नोरिया शुक्रवार रात 10 बजे घर में छत से नीचे उतरते समय सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गया। भागवत के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।







**यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033**

**JOB OPENING**

**Requirement/Skills**

1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills

**The Dinesh Goods Transport Co.**

**Address-** Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.

**Contact-** Ayush Jain Mo. 8989020207

**आवश्यकता है**

अनुभवी योग्य नर्सिंग महिला स्टाफ की। कंप्यूटर का ज्ञान होने पर प्राथमिकता। सैलरी योग्यतानुसार। **पता** - डॉक्टर एस. के. शर्मा सीआरएम क्लीनिक बिहारी सोनी मार्केट आजाद चौक, कटनी, मिलने का समय- शाम 3 से 4.30 बजे, संपर्क- 9425158548

**REQUIREMENT**

We require an male or female Tally/Busy software accountant ability to work on computer & internet.

**Salay- 10000/-**

**Contact no. 9425465227**























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)